तापमान

28° अधिकतम | 17° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | शुक्रवार, 01 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 4, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 223 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## 6 तक हरमू नदी के उद्गम स्थल पर बने मकानों का स्वीकृत नक्शा कोर्ट में करें पेश: हाईकोर्ट

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने आरआरडीए और रांची नगर निगम को छह दिसंबर तक हरमू नदी के उद्गम स्थल पर किए गए सभी भवनों के निर्माण और स्वीकृत नक्शों को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया है. गुरुवार को इस मामले की सुनवाई जस्टिस एस चंद्रशेखर की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान मामले में स्थल जांच के लिए कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर की ओर से स्थल जांच का सीलबंद रिपोर्ट पेश किया गया. नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की. वही आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की.



### क्या है पूरा मामला

हरमू नदी के उद्गम स्थल डीएवी हेहल, कटहल मोड़ के समीप नदी का अतिक्रमण कर लिया गया है. जो की नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना का स्पष्ट उलंघन है. नदी तथा प्राकृतिक नाले के 10 से 15 मीटर तक निर्माण कार्य नहीं हो सकता है. उसके बाद भी नियम विरुद्ध रांची नगर निगम-आरआरडीए ने मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का नक्शा पास किया है. जिस पर निर्माण कार्य जारी है. पूर्व में भी हाईकोर्ट ने नदियों एवं प्राकृतिक नाले को अतिक्रमण मुक्त करने का अनेकों आदेश दिया है. इस पर कोर्ट ने नदी के अतिक्रमण पर तीन वकीलों वाले एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का निर्देश दिया था.

## झारखंड दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री

प्रमुख संवाददाता। रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं. वे गुरुवार शाम रांची एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल समेत कई नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. अमित शाह एयरपोर्ट से ही हेलीकॉप्टर से हजारीबाग स्थित मेरू कैंप के लिए रवाना हो गये. मेरू के बीएसएफ कैंप में रात्रि विश्राम के बाद वे शुक्रवार को वहां बीएसएफ के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे. अमित शाह बीएसएफ के राइजिंग डे परेड में शिरकत करेंगे.



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को रांची पहुंचे. एयरपोर्ट पर उनका स्वागत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया. शाह शुक्रवार को हजारीबाग में बीएसएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे.

### रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन: डॉ संजय कुमार सिंह
- ऑर्थोपेडिक: डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजी: डॉ पीजी सरकार
- टीबी एवं चेस्ट: डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्र: डॉ सुनिल कुमार
- ऑब्स गायनी: डॉ किरण त्रिवेदी
- ईएनटी: डॉ आरके चौधरी
- सीटीवीएस: डॉ विनीत महाजन
- नेफ्रोलॉजी: डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्री: डॉ अजय बाखला
- न्यूरोलॉजी: डॉ सुरेंद्र कुमार-डॉ रूपेश प्रसाद

### सदर ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन: डॉ बीएन पोद्दार, डॉ लक्ष्मीकांता सोय
- ऑब्स एंड गायनी: डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ रानी सिंह
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ दयानंद
- हेमाटोलॉजी:डॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजी: डॉ शैलेंद्र शुक्ला

### शहर में आज

1 नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप, खेलगांव में 8 बजे से

2 भाजयुमो की कार्यसमिति की बैठक, मेफेयर बैंक्वेट हॉल धुर्वा में 10 बजे से

3 बेथेसदा डे, बेथेसदा स्कूल बहू बजार में 10 बजे से

4 सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, वार्ड 11-12, वाईएमसीए कांटाटोली और हाई टेंशन मैदान में 11 बजे से

5 भाजपा का विस्तारक प्रशिक्षण, शगुन बैंक्वेट हॉल चिरौंदी में 11 बजे से

6 विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, डीएसपीएमयू ऑडिटोरियम में 11:45 बजे से

7 आदिवासी मुद्दों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस, धुमकुड़िया भवन करमटोली चौक में 12 बजे से

8 क्रीक क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर प्रेस वार्ता, प्रेस क्लब में 1:00 बजे से

9 परम ज्ञान सत्संग का वार्षिक दीपावली सम्मेलन, मेकॉन नर्सरी श्यामली में शाम 6 बजे से

10 उत्तराखंड टनल में फंसे श्रमिक लौटेंगे रांची, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रात 8:30 बजे

## लग सकता है बिजली का झटका, बढ़ेगा बिल

# 25% तक होगी वृद्धि

कौशल आनंद। रांची

जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नया बिजली टैरिफ पिटीशन और एनुअल रेवन्यू रिक्वायरमेंट (एआरआर) झारखंड विद्युत नियामक आयोग में दाखिल किया है. जिसमें जेबीवीएनएल ने अपने खर्च के लिए 10800 करोड़ रूपए की जरूरत बताया है. इसी आधार पर बिजली टैरिफ बढ़ाने का आग्रह किया है. जेबीवीएनएल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 10800 करोड़ की भरपाई के लिए करीब 25 प्रतिशत तक बिजली टैरिफ में बढ़ाने का प्रस्ताव है. जेबीवीएनएल ने अपने पिटीशन में अभी किस वर्ग में कितना बढ़ोतरी होगा, इसका खाका नहीं दिया है. ओवर ऑल खर्च की जरूरत के हिसाब से करीब 25 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव है. बहुत जल्द जेबीवीएनएल वर्ग आधार पर बिजली दर बढ़ोतरी का खाका आयोग को सौंपेगा. बतातें चलें कि जेबीवीएनएल हर वर्ष 30 नंवबर को झारखंड विद्युत नियामक आयोग को अपना नए वित्तीय वर्ष के लिए बिजली टैरिफ पिटिशन दाखिल करता है. इसी प्रक्रिया के तहत इसे दाखिल किया गया है.

**अंतिम निर्णय आयोग लेगा, 5 महीने तक का लग सकता है समय :** जेबीवीएनएल के नए बिजली टैरिफ पर अंतिम निर्णय विद्युत नियामक आयोग लेगा. आयोग नए टैरिफ को स्वीकार करेगा. इसके बाद जेबीवीएनएल द्वारा किस श्रेणी में कितनी दर बढ़ानी है इससे संबंधित प्रस्ताव दिया जायेगा. तब आयोग जनसुनवाई आयोजित करके इस पर अंतिम निर्णय लेगा. सारी प्रकिया पूरी होने में लगभग पांच महीने तक का समय लग सकता है.



- जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए नया टैरिफ पिटीशन और एआरआर दाखिल किया
- **चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के बिजली टैरिफ पर दिसंबर में जनसुनवाई आयोजित करेगा आयोग**
- हो सकता है आयोग दोनों वित्तीय का एक साथ समायोजन करके एक टैरिफ जारी करे

### टैरिफ पर दिसंबर में जनसुनवाई शुरू करेगा आयोग


वित्तीय वर्ष 2023-24 के टैरिफ पर झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग जनसुनवाई की प्रक्रिया आरंभ करेगा. दिसंबर के पहले सप्ताह यह प्रक्रिया आरंभ हो सकती है. संभावना है कि आयोग दोनों वित्तीय वर्ष का एक साथ जनसुनवाई आयोजित कर दोनों वित्तीय वर्ष का समायोजन करके नया बिजली टैरिफ दे. मालूम हो कि इस टैरिफ में घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2.30 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है. इतना ही नहीं फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है. वर्तमान में शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की दर 6.30 रुपये/यूनिट है. जिसे बढ़ा कर 8.60 रुपये/ यूनिट करने का प्रस्ताव है. यह दर 400 यूनिट से अधिक खपत करनेवाले उपभोक्ताओं के लिए है. जबकि 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं की दर 7.60 रुपये/ यूनिट करने का प्रस्ताव है.

### अभी यह है बिजली और फिक्स दर (रु में)

| श्रेणी | वर्तमान बिजली दर | वर्तमान फिक्स दर | प्रस्तावित बिजली दर | प्रस्तावित फिक्स दर |
|---|---|---|---|---|
| घरेलू ग्रामीण | 5.75 | 20 | 7.00 | 75 |
| घरेलू शहरी | 6.30 | 75 | 8.60 | 100किवा |
| घरेलू एचटी | 6.00 | 100 | 8.60 | 100केवी |
| कॉमर्शियल रूरल | 6.75 | 50किवा | 8.25 | 200 किवा |
| कॉमर्शियल अरबन | 6.00 | 100 किवा | 9.00 | 250 किवा |
| सिंचाई | 5.00 | 20 एचपी | 8.00 | 50 एचपी |
| एलटीआईएस | 5.75 केवीएच | 9.00.केवीएच | 300केवीएच | ........... |

### जनवरी तक नयी दर

नियामक आयोग ने जून से नयी टैरिफ की घोषणा की थी. अब सीधे 23-24 के टैरिफ पर जनसुनवाई होगी. जिसे जनवरी तक घोषित कर दिये जाने की संभावना है.



### वर्तमान में कंज्यूमरों को मिली रही है यह सब्सिडी और फ्री योजना

- 100 यूनिट खपत पर फ्री बिजली
- 100-200 यूनिट पर बिजली खपत पर सब्सिडी 2.75 रूपया प्रति यूनिट
- 201-400 यूनिट बिजली खपत पर सब्सिडी 2.05 रूपए प्रति यूनिट
- 400 यूनिट के उपर कोई सब्सिडी नहीं

## एक पेड़, 5 यूनिट फ्री बिजली योजना की कोडरमा से शुरुआत

विशेष संवाददाता। रांची

एक पेड़ लगाएं, 5 यूनिट बिजली फ्री पाएं. सीएम की इस घोषणा के बाद जेबीवीएनएल ने इसका मैकेनिज्म तैयार कर लिया है. पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रथम चरण में कोडरमा से इसकी शुरुआत की जाएगी. वैसे तो यह यह योजना पूरी तरह से शहरी क्षेत्र के लिए है, मगर रांची में इसे फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा. जहां स्मार्ट मीटर लगा है या लगाया जा रहा है, वहां उसे लागू नहीं किया जाएगा. जेबीवीएनएल, वन विभाग और नगर निकायों ने मिलकर योजना जमीन पर उतारने की तैयारी की है.



### पेड़ों की गिनती नगर निगम-निकाय करेंगे

जेबीवीएनएल और वन विभाग ने पेड़ों की गिनती के लिए प्रपोजल तैयार किया है. झारखंड के शहरी क्षेत्रों में पौधरोपण को बढ़ावा देने और प्राकृतिक वातावरण को ठीक रखने के लिए इस योजना को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के अनुरूप तैयार किया है. शहरों में लगाये गये पेड़ों की गणना निगर निकाय के अधिकारी करेंगे. वन विभाग को इसकी सूचना दी जाएगी. इसके बाद विन विभाग के अधिकारी पौधों और पेड़ों की सूची की मॉनिटरिंग करेंगे.

### हाईकोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

- 20 दिसंबर को अगली सुनवाई

**रांची।** हाईकोर्ट ने आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. गुरुवार को बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद- बिक्री मामले में छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. अब अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी. इससे पहले ईडी कोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था. इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई है. बताते चलें कि इस मामले में आईएएस छवि रंजन और बड़गाईं के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी.

### धौनी से मिले दीपक, सीपी व समरी लाल



**रांची।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी की गुरुवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह और विधायक समरी लाल ने मुलाकात हो गई. हुआ यह कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करने के लिए भाजपा के बड़े नेता एयरपोर्ट पहुंचे थे. तभी मुंबई जाने के लिए धौनी भी एयरपोर्ट पहुंचे थे. लेकिन बिना प्लान के हुई इस मुलाकात को लेकर सियासी दलों में हलचल मच गई है. लोग इस प्रयास में लग गए कि आखिर धौनी ने तीनों नेताओं से क्या-क्या बातें की हैं.

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम पहुंचे गढ़वा, विपक्ष पर फिर हमला

## विकास देख विपक्ष के पेट में दर्द

विशेष संवाददाता। रांची/गढ़वा

- युवाओं से कहा : आप तैयार रहें, 40 हजार नियुक्तियों की वेकेंसी निकलने वाली हैं
- विपक्ष को बूढ़ा पहाड़ के नाम से सांप सूंघ जाता था, हमने वहां ग्रामीणों के साथ खाना खाया

सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय पलामू दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को गढ़वा पहुंचे. गढ़वा में भी मुख्यमंत्री अपने तेवर पर नजर आए. उन्होंने न केवल विपक्ष पर जोदार हमला जारी रखा, वहीं युवाओं से कहा कि आप तैयार रहें, 40 हजार नियुक्तियां जल्द निकलने जा रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी हम झारखंड का हक और अधिकार केंद्र सरकार से मांगते हैं, षड़यंत्रकारी चाल चलना शुरू कर देते हैं. मगर हम तो अपना हक और अधिकार लेकर रहेंगे. विपक्ष को विकास नजर नहीं आता है, विकास कार्य देख कर विपक्ष के पेट में दर्द होने लगा है.

सीएम ने उग्रवाद की चर्चा की करते हुए कहा कि गढ़वा में एक बड़ी समस्या थी उग्रवाद की. यहीं बगल में बूढ़ापहाड़ है. विपक्ष को सांप सूंघ गया था कि कोई बूढ़ा पहाड़ नहीं गया. आपका मुख्यमंत्री बूढ़ा पहाड़ जाकर ग्रामीणों के साथ खाना खाया. बूढ़ा पहाड़ के नाम से लोग कांपते थे लेकिन अब वहां ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान आएगी. विपक्ष कहता है हमने आपको ठगा. इनको कौन बताए कि यहां कितनों को पेंशन मिल रही है.



### गरीबों को भी मिलेगी 24 घंटे मिलेगी बिजली

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी गरीबों को 100 यूनिट बिजली फ्री दे रहे हैं. ग्रामीण इलाकों में किसी को भी बिजली बिल नहीं देना होगा. पूरे राज्य का विद्युतिकरण किया जाएगा.शहर या गांव सभी को 24 घंटे बिजली दी जाएगी. कमजोर और बीमारू राज्य को नया युवा झारखंड बनाएंगा. देश का अव्वल राज्य बनाएंगे.

**70 हजार को मिला नियुक्ति पत्र, 40 हजार नौकरी निकलने वाली है :** सीएम ने रोजगार की चर्चा करते हुए कहा,पढ़े-लिखे के लिए जेपीएससी और जेएसएससी से नौकरी निकल रही है. युवा तैयार रहें. अभी 40 हजार और भी नियुक्ति निकलेगी. जो पढ़ाई करना चाहता है उसके लिए भी सरकार तैयार है. 400 बच्चों को रहने के लिए जगह दे रहे, खाने के लिए खाना दे रहे. योजनाएं गिनाने बैठ जाऊं तो रात हो जाएगी. हमने 70 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र लोगों को दिया. चाहे वो सरकारी हो गैर सरकारी. सभी जिलों में किसान पाठशाला खोलेंगे, जिसमें उन्हें मुश्किल परिस्थितियों से निबटने की जानकारी दी जाएगी. कहा कि पढ़े-लिखे, कम पढ़े-लिखे नौजवान और जो नहीं पढ़ पाए हैं उनके लिए अलग-अलग योजनायें शुरू की गयी हैं जिससे वह अपने पैरों पर खड़ा हो सकें. क्योंकि गरीब को तो बैंक भी लोन नहीं देता है.

### ब्रीफ खबरें

#### रिम्स में येलो फीवर वैक्सीनेशन की शुरुआत

**रांची।** अफ्रीका व दक्षिण अमेरिकी देशों की उड़ान भरने वालों लोगों को राहत मिलेगी. राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान "रिम्स" में येलो फीवर(पित ज्वार) टीके की शुरुआत हो गई है. टीका लेने के लिए ऑनलाइन और ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन सुबह 8:30 से 11:30 तक किया जाएगा. वहीं सप्ताह में 2 दिन गुरुवार और शनिवार को टीकाकरण किया जाएगा.

#### एसपी ने किया ट्रैफिक थाना का निरीक्षण

**रांची।** ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव से गुरुवार को यातायात थाना गोंदा का निरीक्षण किया. ट्रैफिक एसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद यातायात थाना का यह उनका पहला निरीक्षण था. निरीक्षण के क्रम में यातायात थाना के लिए भवन का प्रस्ताव, जांच के लिए थाना लाए गए वाहनों की जब्ती सूची, मालखाना पंजी का संधारण सरकारी, संपत्ति के रखरखाव के संबंध में निर्देश दिये गये.

## पनौती पर नाहक इतनी लठैती



बैजनाथ मिश्र

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

> मोदी चाहते तो महाज्ञानी की व्यंजना से अपनी बात श्रोताओं तक पहुंचा सकते थे, लेकिन वह अभिधा पर उतर आये और राहुल को मूर्खों का सरदार कह दिया

**प्रसंगवश**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हो गये. रविवार को नतीजे भी आ जाएंगे. लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान राजस्थान में पनौती शब्द का भभूका ऐसा उठा कि पूरी सियासत उसी के चतुर्दिक घूमने लगी. यह पनौती लोकसभा चुनाव में भी चुनौती बनेगी या नहीं, पता नहीं, लेकिन भगत सिंह के अवतारी नेताओं की पार्टी ने पनौती भगाओ, देश बचाओ की हांक लगा दी है. हालांकि इस शब्द का आविर्भाव राहुल गांधी के श्री मुख से हुआ है. उन्हें मध्यप्रदेश में चुनावी मंच से नरेंद्र मोदी ने बिना नाम लिये पहले महाज्ञानी और फिर मूर्खों का सरदार कह दिया था. नरेंद्र मोदी चाहते तो महाज्ञानी की व्यंजना से भी अपनी बात श्रोताओं तक पहुंचा सकते थे, लेकिन वह अभिधा पर उतर आये और राहुल को मूर्खों का सरदार कह दिया. इसका जवाब राहुल गांधी ने राजस्थान में दिया. वह भी फूहड़ अभिधा में. उन्होंने साफ-साफ कहा कि पीएम मायने पनौती मोदी. राहुल को मौका मिला वर्ल्ड कप क्रिकेट के फाइनल में नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की शर्मनाक पराजय से. राहुल चाहते तो केवल पनौती से काम चला लेते, लेकिन उन्हें शायद जनता की समझ पर भरोसा नहीं था. इसलिए उन्होंने प्रत्यक्ष संवाद संप्रेषण जरूरी समझा और पनौती मोदी कह दिया. अगली सभा में उन्होंने मोदी को जेबकतरा भी कहा. लेकिन हंगामा मचा पनौती पर. दोनों ओर से वार-पलटवार हुए. अब भी हो रहे हैं. भाजपा और कांग्रेस दोनों राहुल और मोदी को पनौती साबित करने के लिए आधार, तर्क तथा कारण उछाल रहे हैं. इसलिए सवाल यह उठता है कि क्या यह द्वंद्व चौकीदार चोर है की तरह लोकसभा चुनाव में भी चलेगा ?

**चुनाव लोकतंत्र का उत्सव, प्रचारक होलियाना अंदाज में होते हैं :** इसी अखबार में अपने आलेख में एक पत्रकार मित्र ने पनौती का अर्थ सुझाया था. उन्होंने बताया था कि पनौती के मायने होता है प्रलयंकारी बाढ़ या शनि की महादशा. अगर पनौती का यही अर्थ होता है, तो राहुल गांधी ने क्या सोच-समझ कर इसका इस्तेमाल मोदी के लिए किया और मोदी ब्रिगेड हमलावर क्यों हो गयी ? दरअसल शब्द अपनी विकास यात्रा में नए अर्थ धारण करते हैं. उनका अर्थ संकुचन भी होता है और अर्थ विस्तार भी. संभवतः पनौती के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है. यह शब्द नये अर्थ के साथ रुढ़ हो गया है. विश्वविद्यालयों, कॉलेजों के कैंपस और लोकमानस में पनौती का अर्थ हो गया है अपशकुन, नामुराद, मनहूस, भद्रा या भदरहा वगैरह. अगर यह भी अर्थ है तो भाजपा को बहुत चिल्ल-पों मचाने की जरूरत नहीं है. वैसे भी चुनाव लोकतंत्र का उत्सव होता है और प्रचारक इस उत्सव में होलियाना अंदाज में होते हैं. बयानों, आरोपों के रंग-गुलाल, कीचड़, गोबर पहले भी चुनावों में फेंके जाते रहे हैं. फर्क होता था और है भी, केवल माहौल और सोसायटी का. जो लोग आज कह रहे हैं कि अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, उन्हें पहले की तकरीरों और नारों पर भी गौर कर लेना चाहिए. निर्वाचन आयोग, थाने, अदालतें तब भी थे, आज भी हैं. -शेष पेज 13 पर

## टनल से निकले 15 मजदूरों को आज लाया जाएगा रांची



संवाददाता। रांची

उत्तराखंड के सिल्कयारा टनल से बाहर आये झारखंड के 15 मजदूरों और उनसे मिलने गये 12 परिजनों को आज एयरलिफ्ट कर रांची लाया जाएगा. मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी को इंडिगो एयरलाइंस से वापस लाया जाएगा. मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जैप आईटी के सीईओ भुवनेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के दो पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है. वे गुरुवार को उत्तराखंड से दिल्ली पहुंचेंगे और शुक्रवार को दिल्ली से रांची आएंगे. सभी लोग शुक्रवार शाम 8 बजे रांची पहुंचेंगे. बता दें कि टनल हादसे के तुरंत बाद ही राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए एक टीम घटनास्थल पर भेजी थी.

**जागरूकता कार्यक्रम:** राज्यभर में 80 साल से अधिक उम्र के वोटरों के लिए चलाया गया अभियान

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित

संवाददाता। रांची

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जमशेदपुर में वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की और उनके वोटर कार्ड से संबंधित जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं को गुलाब और शॉल देकर सम्मानित भी किया. उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिकों के घरों में जाकर उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है. जो बुजुर्ग मतदाता पोलिंग बूथ में जाकर वोट देने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए घर पर ही वोट डालने की व्यवस्था की जा रही है. कहा कि देश के निर्माण में प्रत्येक वोट का महत्व है. सभी मतदाताओं को वोट जरूर देना चाहिए. आने वाले मार्च के महीने में निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी बुजुर्ग मतदाताओं से दोबारा मिलने आएंगे और अगर वे घर या पोलिंग बूथ में जाकर वोट डालने के लिए इच्छुक होंगे तो उसकी व्यवस्था की जाएगी.

इस मौके पर पूर्वी सिंहभूम के जिला स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारियों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से सीनियर वोटर्स वाइस से संबंधित कॉफी मग का अनावरण कराया, साथ ही वरिष्ठ मतदाताओं के जागरूकता के लिए सेल्फी जोन की भी व्यवस्था की. इस दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, जमशेदपुर ईस्ट के ईआरओ पीयूष सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एईआरओ सुदीप्त राज और जिला स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे.





### खास बातें

- वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर पूछा हालचाल
- बुजुर्ग वोटरों के लिए बनाया गया था सेल्फी जोन भी

### बुजुर्ग मतदाताओं के साथ भोजन भी किया

अभियान के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बुजुर्ग मतदाताओं के साथ भोजन भी किए. वहीं जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों सह उपायुक्तों ने भी सुबह-सुबह इस अभियान के तहत अपने क्षेत्र के बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान कर अभियान को गति दी. भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि किसी भी वर्ग और श्रेणी का कोई भी पात्र मतदाता छूटने ना पाए.

आओ जानें

## विश्रामपुर से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | कांग्रेस | चंद्रशेखर दुबे |
| 2005 | राजद | रामचंद्र चंद्रवंशी |
| 2009 | कांग्रेस | चंद्रशेखर दुबे |
| 2014 | भाजपा | रामचंद्र चंद्रवंशी |
| 2019 | भाजपा | रामचंद्र चंद्रवंशी |



### ब्रीफ खबरें

### भाजयुमो कार्यसमिति की बैठक आज

**रांची।** भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक और मंडल सशक्तीकरण अभियान प्रशिक्षण शुक्रवार को आयोजित की गई है. बैठक धुर्वा के मेफेयर बैंक्वेट हॉल में सुबह 10 बजे से शुरू होगी. उद्घाटन भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी करेंगे. दिन भर 10 सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी. इसमें भाजयुमो राष्ट्रीय टीम के अमनदीप सिंह और अरविंद दमानी मौजूद रहेंगे. समापन सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मौजूद रहेंगे.

### पीएम आवास योजना के घरों की होगी लॉटरी

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत्त धुर्वा पंचमुखी मंदिर के पास बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत बने आवसो मे से 16 आवास के लिए नगर निगम कार्यालय में आज लॉटरी का आयोजन किया जाएगा. लॉटरी प्रक्रिया सुबह 9 बजे से निगम कार्यालय के आंठवे तल्ले पर शुरू होगा. सबसे पहले आए लाभुको का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा, फिर 11 बजे से लॉटरी प्रक्रिया शुरू कि जाएगी. इस योजना के तहत कुल 1008 आवासों का निर्माण किया गया था. जिसमें बचे 16 घरों के लिए लॉटरी पिछले प्रक्रिया में के छुटे लाभुको के बिच करवाया जाएगा.

### सेवानिवृत्त हुए रिम्स के दो कर्मी, दी विदाई

**रांची।** रिम्स के प्रशासनिक भवन में स्टाफ नर्स ग्रेड ए सुमति बागे और मोहम्मद इम्तियाज अहमद के विदाई समारोह का आयोजन किया गया. बता दें कि सुमति ने रिम्स में 20 साल जबकि इम्तियाज ने 30 साल सेवा दिया है. मौके पर डीन डॉ विद्यापति, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, संपदा पदाधिकारी हैदर अली, प्रशासनिक अधिकारी रंजना बर्मन, मैट्रन दयामनी ढांगा व रिम्स प्रशासनिक भवन के अन्य कर्मचारी मौजूद थे.

### प्रमंडलीय आयुक्त हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**रांची।** गुरुवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम समारोह के दौरान मनोज कुमार जायसवाल ने अपने अनुभवों को साझा किये. उन्होंने सभी पदाधिकारियों की कार्यशैली एवं सहयोग की सराहना करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

**दंगल 2024:** गोड्डा लोकसभा सीट पर बदल रही सियासी हवा

# निशिकांत को भागलपुर भेज प्रदीप यादव पर दांव लगा सकती है भाजपा

- गोड्डा से निशिकांत लगातार 3 लोकसभा चुनाव जीते, प्रदीप लगातार 4 चुनाव हार चुके हैं

सत्य शरण मिश्रा। रांची





गोड्डा संसदीय सीट पर 2024 का दंगल दिलचस्प होने के आसार हैं. चुनाव से पहले कई संभावित समीकरण जन्म ले रहे हैं. निशिकांत दुबे भाजपा से लगातार तीन चुनाव जीत कर मजबूत दावेदारी पेश कर रहे, लेकिन इस बार चर्चा कुछ और ही है. सियासी गलियारे में चर्चा जोरों पर है कि विधायक प्रदीप यादव जल्द ही भाजपा में वापसी कर सकते हैं. इसके बाद भाजपा उन्हें गोड्डा से चुनाव लड़वा सकती है और निशिकांत दुबे को भागलपुर सीट से चुनाव लड़वाया जा सकता है. भागलपुर सीट को जदयू से छीनने के लिए भाजपा यह प्रयोग कर सकती है. दरअसल भागलपुर के लिए भाजपा के पास बड़ा चेहरा नहीं. 2004 में सुशील मोदी और फिर 6 के उपुनाव और 2009 के चुनाव में शाहनवाज हुसैन वहां से जीते, लेकिन इसके बाद 2014 और 2019 में यह सीट राजद और जदयू के पास चली गई. इसलिए भाजपा इस बार यहां किसी माटी पुत्र को उतार कर यहां कब्जा जमाना चाहेगी. ऐसे में पहला नाम निशिकांत का आता है. निशिकांत का पैतृक गांव भागलपुर में है. उनका अधिकांश समय भागलपुर में ही बीतता है. प्रदीप यादव के भाजपा में जाने के चर्चे जोरों पर है. वे भाजपा के बाबूलाल मरांडी के पुराने साथी हैं. 2006 में जब झाविमो बनी तब से लेकर जब 2020 में पार्टी टूटी तब तक बाबूलाल और यादव साथ थे. 2019 के विस चुनाव में दोनों के बीच दरार पड़ी और रास्ते अलग हो गये. जैसे बाबूलाल भाजपा में आये वैसे ही प्रदीप यादव आ सकते हैं. आखिर प्रदीप भाजपा वापस क्यों जाएंगे. इस पर जाएं तो जवाब खुद मिल जाएगा. पिछले चुनाव के बाद प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हुए, लेकिन पार्टी के कार्यक्रमों और बयानों में सिर्फ बंधु तिर्की ही नजर आते हैं. पिछले साढ़े 4 साल में कांग्रेस में प्रदीप यादव की सक्रियता ज्यादा नहीं दिखी. पार्टी उनकी उपेक्षा कर रही है या फिर प्रदीप यादव खुद ही कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में ज्यादा रुचि नहीं ले रहे हैं यह अंदर की बात है, लेकिन इतना तय है कि 2024 में लंबी छलांग मारने के लिए प्रदीप यादव बेहतर संभावनाओं के द्वार जरूर तलाशेंगे.

### गोड्डा में कांग्रेस के कई दावेदार

गोड्डा सीट पर भाजपा के पास निशिकांत दुबे को छोड़ कर कोई चेहरा नहीं है, जबकि कांग्रेस में यहां से नेताओं की फेहरिस्त है. पूर्व सांसद फुरकान अंसारी हर बार की तरह इस बार भी ताल ठोकेंगे. हो सकता है अपने पुत्र विधायक इरफान को टिकट देने के लिए दवाब भी बनाएं. उधर महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह भी मजबूत दावेदार हैं. ऐसे में प्रदीप यादव का मामला फंस सकता है और वह गोड्डा से चुनाव लड़े बिना रह भी नहीं सकते. चाहे निर्दलीय ही क्यों न लड़ना पड़े. इससे बेहतर वे भाजपा से चुनाव लड़ना चाहेंगे. वे 2002 में हुए उपचुनाव में जीत सांसद बने थे. इसके बाद 2004 में चुनाव लड़ा था, लेकिन फुरकान से हार गये थे. फिर 2009, 2014 और 2019 में भी वे झाविमो की टिकट से गोड्डा लोकसभा सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हर बार वे हार गये.

### पिछले 4 चुनावों में प्रदीप यादव की स्थिति

- 2019 के लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे को 53 फीसदी और प्रदीप को 38 फीसदी वोट मिले थे.
- 2014 के लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे को 37 फीसदी और प्रदीप यादव को 18.44 फीसदी वोट मिले थे.
- 2009 के लोकसभा चुनाव में निशिकांत को 24 फीसदी और प्रदीप यादव को 22.18 फीसदी वोट मिले थे.
- 2004 के लोकसभा चुनाव में फुरकान अंसारी (कांग्रेस) को 44.88 और प्रदीप को 41.67 फीसदी वोट मिले थे.

### विस क्षेत्रों की स्थिति

गोड्डा में 6 विस सीटें हैं. इनमें से 4 पर इंडिया का कब्जा है, सिर्फ दो सीटों पर भाजपा का कब्जा है. मधुपुर विधानसभा सीट झामुमो, जरमुंडी, महगामा और पोड़ैयाहाट सीट कांग्रेस और देवघर एवं गोड्डा सीट भाजपा के पास है. गोड्डा लोकसभा सीट पर वहां की जनता ने यादव, ब्राह्मण, मुस्लिम और कुर्मी सभी जाति के उम्मीदवारों को मौका दिया है.

भूटान की बिजली से दूर हो रहा झारखंड का अंधेरा

# वितरण निगम पर 6000 करोड़ का कर्ज

रवि भारती। रांची

राज्य गठन के बाद से सरकारी उपक्रम का एक भी पावर प्लांट नहीं लग पाया. इसका नतीजा यह है कि आज की तारीख में झारखंड बिजली वितरण निगम हर महीने 650 करोड़ रुपए की बिजली खरीद रहा है. खास बात यह है कि पड़ोसी देश भूटान से 116 मेगावाट बिजली ली जा रही है. इसकी एवज में भूटान को हर महीने 15 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा रहा है.

**हर महीने वितरण निगम को 80 करोड़ का घाटा:** हर महीने बिजली वितरण निगम को बिजली खरीद की एवज में 80 करोड़ का घाटा हो रहा है. इसकी वजह यह है कि कम राजस्व का मिलना. बिजली वितरण निगम को हर महीने औसतन 400 करोड़ रुपए राजस्व की प्रप्ति होती है. वहीं राज्य सरकार की ओर से 191 करोड़ की सब्सिडी मिली है. इन दोनों को जोड़ दिया जाए तो वितरण निगम को 592 करोड़ रुपए की प्रप्ति होती है. इसके बाजजूद बिजली की खरीद सहित कर्मचारियों के वेतन भत्ता देने की एवज में हर महीने 80 करोड़ का घाटा हो रहा है. अब बिजली वितरण निगम पर लगभग 6000 करोड़ रुपए का कर्जा हो गया है.

**12 लाख उपभोक्ता बढ़े, खपत भी बढ़ी :** आज की तारीख में राज्य में 48 लाख बिजली उपभक्ता है. वितरण निगम के अनुसार पिछले तीन साल में 12 लाख उपभोक्ताओं में वृद्धि हुई है. इस कारण बिजली की मांग बढ़ गई है.

### नियामक आयोग को सौंपा 8000 करोड़ का प्रस्ताव

घाटा को पाटने के लिए झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने टैरिफ पीटिशन के जरिए 8000 रुपए का प्रस्ताव सौंपा है जिससे कर्जा को पाटा जा सके. वितरण निगम ने नियामक आयोग 2023-24 का टैरिफ पीटिशन भी सौंप दिया है. अब नियामक आयोग दिसंबर से नई बिजली दर के लिए जनसुनवाई की प्रक्रिया शुरू करेगा.

### खास बातें

- इस साल टैरिफ पीटिशन के जरिए मांगा 8000 करोड़, सौंपा प्रस्ताव
- खरीदी जा रही 650 करोड़ की बिजली, राजस्व मिलता है 400 करोड़

### किस कंपनी से हर महीने कितने की ली जाती है बिजली

- टीवीएनएल- 80 करोड़
- एनटीपीसी-170 करोड़
- डीवीसी-170 करोड़
- इंलैंड पावर- 10 करोड़
- आधुनिक पावर-35 करोड़
- एनएचपीसी-15 करोड़
- भूटान- 15 करोड़
- अन्य स्त्रोत- 125 से 150 करोड़

# कोयला और खान राज्यमंत्री ने किया हजारीबाग का दौरा

संवाददाता। रांची

कोयला और खान राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने गुरुवार को हज़ारीबाग का दौरा किया. कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद सहित निदेशकों ने रांची एयरपोर्ट पर स्वागत किया.

अपने एक दिनी दौरे पर रावसाहेब ने हज़ारीबाग में विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम को प्रदर्शित करते हुए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई. इस मौके पर कोल इंडिया के अध्यक्ष, सीसीएल के निदेशक सहित स्थानीय अधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे. इसके पूर्व उन्होंने सीआईएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने हितधारकों से मिलकर कोयला उत्पादन एवं प्रेषण से संबधित विषयों पर चर्चा की.

सीसीएल प्रबंधन ने कार्यनिष्पादन, योजनाओं, उपलब्धियों एवं चुनौतियों से उन्हें अवगत कराया गया. उन्होंने सीसीएल के कार्य निष्पादन का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये ताकि देश की ऊर्जा आवश्यकता की निर्बाध पूर्ति हो सके. ज्ञात हो कि सीसीएल भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के दिशा निर्देश में देश की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सतत प्रयासरत है.

सीसीएल के इस प्रयास में भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है. इस बीच रावसाहेब का यह दौरा निश्चित तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण था.

## दारोगा हरीश पाठक पर आगे की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

सौरभ सिंह। रांची

दारोगा हरीश पाठक पर गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है. इस मामले की सुनवाई जस्टिस गौतम चौधरी की कोर्ट में हुई. कोर्ट ने 20 नवंबर 2019 को जारी कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा. बता दें कि हरीश पाठक पर जामताड़ा के नारायणपुर थाना में दर्ज मामले की सुनवाई 20 नवंबर 2019 को जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में हुई थी. जिसमें आगे की कार्रवाई पर रोक लगाई गई थी. इस आदेश को कोर्ट ने हुई सुनवाई के बाद जारी रखा है.

**जामताड़ा के एसीजेएम ने जारी किया था वारंट :** झारखंड पुलिस के दारोगा हरीश कुमार पाठक के खिलाफ बीते 4 नवंबर को कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था. पुलिस हिरासत में मो. मिन्हाज की मौत के चर्चित मामले में जामताड़ा के एसीजेएम कोर्ट ने हरीश पाठक को गिरफ्तार करने का आदेश जारी किया था, साथ ही कोर्ट में पेश करने का निर्देश जामताड़ा पुलिस को दिया था. इसके बाद जामताड़ा पुलिस ने वारंट की कॉपी सीटीसी मुसाबनी एसपी को भेजी, ताकि वारंट का निपटारा किया जा सके. हरीश पाठक वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति पर पोस्टेड हैं.

### क्या है मामला

हरीश नारायणपुर में थाना प्रभारी थे. इसी दौरान 3 अक्तूबर 2016 को विवादित पोस्ट के आरोप में मिन्हाज नाम के युवक को पकड़ कर थाने लाया गया. जहां मिन्हाज की मौत हो गई. उसकी मां ने आरोप लगाया कि बेटे की थाना में से पिटाई की गई थी, जिससे वह मर गया. परिजनों के बयान पर थाने में केस दर्ज हुआ. सीआईडी ने इस मामले में 2018 में हरीश को दोषी पाते हुए चार्जशीट दायर की थी. इसके बाद सीआईडी ने जांच बंद कर दी थी.

### मजदूरों को 15 लाख दे सरकार : लोबिन हेम्ब्रम

**रांची।** झामुमो के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने रांची के पुराने विधानसभा स्थित अपने सरकारी आवास में संवाददाता सम्मेलन किया. उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में मजदूरों छात्र नौजवानों को झारखंड सरकार रोजगार देने में विफल साबित हुई है. उन्होंने कहा कि अभी भी मजदूरों का पलायन जारी है. इसका जीता-जागता उदाहरण उत्तराखंड के उत्तरकाशी में झारखंड के 15 मजदूर जीवन मरण के 17 दिन तक झेलकर झारखंड वापस लौटने वाले हैं. वहीं, युवा नौजवान भी रोजगार के लिए बाहर पलायन कर रहे हैं, लेकिन सरकार मौन है. सरकार के अधिकारी के नेतृत्व में मजदूरों को लाने के लिए उत्तराखंड गए हैं. विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने मांग की है कि उत्तराखंड से लौटने वाले प्रत्येक मजदूरों को झारखंड सरकार 15-15 लख रुपये व झारखंड सरकार इनकी नियोजन की व्यवस्था करें. मौके पर राजू महतो और गणेश दास भी उपस्थित थे.

**वर्कशॉप:** किशोर तस्करी पर राज्यपाल ने अपने विचार रखे, कहा

# सामूहिक प्रयास से रोकें बाल तस्करी

विशेष संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड में 15 से 18 वर्ष के उम्र के किशोर मानव तस्करी के शिकार होते हैं. इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा. यह बातें उन्होंने बुधवार को होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित स्टेट लेबल वर्कशॉप ऑन प्लान ऑफ एक्शन टू एलीमेंटस चाइल्ड ट्रैफिंग एंड अनसेप माइग्रेशन फ्रॉम झारखंड सपनों की उड़ान कार्यक्रम के दौरान कही.

उन्होंने कहा कि बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं और किसी भी परिस्थिति में उनका शोषण, बाल तस्करी एवं असुरक्षित माईग्रेसन को रोका जाना चाहिए. उन्हें खुशी है कि इस दिशा में कतिपय सिविल सोसाइटी एवं संस्था कार्य कर रहे हैं. बाल कल्याण संघ, द चिल्ड्रेन ऑफ इंडिया फाउंडेशन और द एशिया फाउंडेशन का कार्य सराहनीय है.



### तस्करी का मुख्य कारण शिक्षा का अभाव

राज्यपाल ने कहा कि तस्करी का मुख्य कारण शिक्षा का आभाव, आर्थिक स्थिति एवं मानसिक रूप से परिपक्व न होना है. विद्यालय में शिक्षकों को बच्चों को जागरूक करना होगा और साथ ही उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए लगातार प्रोत्साहित भी करना होगा. प्रधानमंत्री द्वारा काफी संख्या में खोले गए एकलव्य विद्यालय से बच्चे शिक्षित एवं जागरूक होकर तस्करी का शिकार होने से बच रहे हैं. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस दिशा में अपनी भूमिका निभा रहा हैं. मानव तस्करी को रोकने हेतु मुखिया और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों को भी चौकस रहना है कि कोई भी असामाजिक तत्व लोगों को बहला-फुसलाकर एवं दिग्भ्रमित कर उनका तस्करी ना कर सकें. उन्होंने संस्था में अच्छे काम करने वाले प्रतिनिधियों को सम्मानित किया एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

### भाजपा के विस विस्तारकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुरू

**रांची।** भाजपा के विस विस्तारकों का दो दिनी प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम चिरौंदी में आयोजित किया गया है. गुरुवार को अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उद्घाटन किया. सत्र में बोलते हुए मरांडी ने विस विस्तारकों से लंबे राजनीतिक अनुभव को साझा करते हुए कई टिप्स दिए. उन्होंने बातें कम बोलते हुए सामने वाले की बातें अधिक सुनने का सुझाव दिया. कहा कि बेवजह बहस करके किसी को हरा नहीं सकते,बल्कि विचारों- नीतियों से जीत हासिल की जा सकती है.

उन्होंने विस्तारकों को क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसी कार्यकर्ता के घर ही भोजन करने का भी सुझाव दिया. केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी मजबूती से लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया. अभ्यास वर्ग को संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने भी संबोधित किया. मौके पर केंद्रीय विस्तारक टोली के सदस्य मनोज कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह और सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे.

**स्मृति शेष** समाजसेवी धर्मचंद जैन रारा नहीं रहे, आज 11 बजे शव का हरमू मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार

# समाज के प्रति समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ व दूर दृष्टि वाले स्तंभ पुरुष थे रारा

प्रदीप जैन

जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष धर्मचंद जैन रारा का गुरुवार को निधन हो गया. वे 75 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे. वे अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. रारा ने जैन समाज सहित विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभायी थी. शुक्रवार को दिन को 11 बजे उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हरमू मुक्तिधाम में किया जाएगा. शव यात्रा उनके बरियातू रोड पेबल सोसाइटी स्थित आवास से हरमू मुक्तिधाम के लिए निकलेगी.



धर्मचंद जैन रारा समाज के समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ और दूर दृष्टि वाले स्तंभ पुरुष थे. हाल फिलहाल में मुझे उनकी अध्यक्षता में श्री दिगंबर जैन भवन में बतौर कार्यकारिणी सदस्य काम करने का मौका मिला. कार्यकारिणी की एक बैठक में प्रस्ताव आया कि चौथे तल्ले के सभागार का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण कराना है. इस काम का जिम्मा एक तय बजट के साथ मुझे दिया गया. बैठक के बाद मैंने उनसे कहा कि मैं जिस प्रकार का काम करना चाहता हूं, उस पर बजट का डबल खर्च आएगा. उन्होंने कहा कि प्रदीप जी आपको जैसा बनवाना है बनवाइए, बजट की चिंता मत कीजिए, काम अच्छा होना चाहिए, बाकी मैं संभाल लूंगा. उनके अटूट विश्वास एवं सपोर्ट के कारण अच्छा काम हुआ और इसीलिए आज भवन के हॉल की प्रशंसा पूरा समाज कर रहा है. उन्हीं के सपोर्ट के कारण वर्षों बाद भवन में भोजनालय भी चालू हो पाया है. इसी प्रकार मेरे भाई की मृत्यु के तुरंत बाद भतीजे के विवाह का जिम्मा मेरे ऊपर आ गया. शादी विवाह के बारे में कुछ भी नहीं जानने के कारण मैं बहुत घबरा रहा था. मुझे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था कि कैसे क्या करूं. मैं भतीजे की शादी को लेकर काफी नर्वस हो रहा था. सोच ही रहा था कि कैसे क्या किया जाए, तभी धर्मचंद जैन जी का ख्याल आया. चूंकि धर्मचंद जैन जी काफी अनुभवी थे, इसलिए मैं सहायता के लिए उनके पास गया. उनसे सारी बात बतायी. कहा कि मैं शादी-विवाह के बारे में कुछ नहीं जानता. नहीं पता कि कैसे सबकुछ मैनेज किया जाए. मेरी बातों को सुनकर धर्मचंद जैन जी मुस्कुराए. बोले बस इतनी सी बात. उन्होंने कहा कि प्रदीप जी आप चिंता मत कीजिए, सारा काम हो जाएगा. मैं हूं ना. और आश्चर्यजनक तरीके से उन्होंने अपने अनुभव और संपर्कों से एक-एक करके सारा काम सुनियोजित तरीके से सेट कर दिया. ऐसी व्यवस्था की कि मुझे बहुत दिमाग नहीं लगाना पड़ा. सारा कुछ सुव्यवस्थित तरीके से हो गया. जैन जी के सहयोग से भतीजे की शादी भी अच्छी व्यवस्था के साथ हो गयी. ऐसे बहु प्रतिभाशाली और समर्पित व्यक्तित्व के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें देवलोक में प्रभु चरणों में उत्तम स्थान मिले.

उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है. रारा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष और महामंत्री के साथ प्रांतीय अधिवेशन के स्वगताध्यक्ष के पद पर भी रह चुके थे. उनके निधन से झारखंड का संपूर्ण मारवाड़ी समाज मर्माहत है. उनके निधन पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रमोद सारस्वत, उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय दाधीच, जयप्रकाश शर्मा, शशांक भारद्वाज, विनय सरावगी, बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, अरुण बुधिया, मनोज बजाज, शिवशंकर साबू, राहुल मारू, प्रदीप राजगडिया, सुभाष पटवारी, सौरव सरावगी, श्रीकृष्ण प्रणामी संस्था के राजकुमार अग्रवाल आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है. साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है.

## सीएम से मिले सरकारी कर्मी ओपीएस के लिए जताया आभार



**रांची।** पलामू के विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मियों ने सीएम हेमंत सोरेन से मिल कर पुरानी पेंशन लागू करने के लिए उनका आभार जताया. उन्होंने सीएम से एनपीएस में जमा राशि वापस करने की दिशा में पहल का आग्रह किया. सीएम ने कहा, आप के सहयोग से ही हम अपने कार्यों को सही दिशा दे पा रहे. अगर सरकार आपके लिए कार्य कर रही है तो आपका भी दायित्व बनता है कि कि आप उन लोगों के लिए काम करें, जिन्हें जरूरत है. आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम चल रहा है. सभी पंचायतों में शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान करने के साथ सबको योजनाओं से जोड़ा जा रहा. इतने वृहत पैमाने पर आयोजित हो इस कार्यक्रम की सफलता में सरकारी कर्मियों का योगदान होगा. गरीबों तक सरकार की योजनाएं पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि आप सभी कर्मी पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करें.

▼ ब्रीफ खबरें

## परम ज्ञान सत्संग का शुभारंभ आज से

**रांची।** मेकन इस्पात क्लब में शुक्रवार से श्रीअद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम का परम ज्ञान सत्संग प्रारंभ होगा. महामंडलेश्वर निर्भयानंदपुरी, निर्मला बहन और आश्रम के विभिन्न केंद्रों से आये संन्यासी उपस्थित श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे. नगेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार तक नित्य शाम छह से आठ बजे तक भजन-कीर्तन और प्रवचन के कार्यक्रम होंगे. अंतिम दिन रविवार को मेकॉन नर्सरी में सुबह नौ से दिन के एक बजे तक सत्संग चलेगा.

## चैंबर की कला संस्कृति उप समिति की बैठक

**रांची।** झारखंड चैंबर के फिल्म कला संस्कृति उप समिति की बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में हुई. जनवरी में बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध गायक कुमार शानू के रांची आगमन के दौरान उन्हें उप समिति के द्वारा सम्मानित करने की योजना पर बैठक में चर्चा हुई. मौके पर उप समिति चेयरमेन आनंद जालान, बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, गायक कुमार गहलोत, सदस्य किशन अग्रवाल, बुलंत बख्तर, सोमनाथ चक्रवर्ती शामिल थे.

## माता मरियम निष्कलंक गर्भागमन पर्व की तैयारी

**रांची।** माता मरियम के निष्कलंक गर्भागमन पर्व की तैयारी गुरुवार को संत मरिया महागिरजाघर में रोमन समुदाय के कलीसिया ने दूसरे दिन किया. इस तैयारी प्रार्थना का संचालन फादर डेविड खलखो ने किया. विश्वासी कलीसिया के सैकड़ों लोग इस प्रार्थना में शामिल हुए और माता मरियम ते सामने घुटने टेक कर प्रार्थना की. कहा- हे हमारे पिता तू जो स्वर्ग में है, तेरा नाम पवित्र माना जाए, तेरा राज आए, तेरी इच्छा जैसी स्वर्ग में पूरी होती है वैसे गी पृथ्वी पर भी हो, हमारे अपराधों को क्षमा करें.

## डांस रियलिटी शो में 210 प्रतिभागी आए

**रांची।** राजधानी में होने वाले डांस रियलिटी शो डांस दिवाना के लिए गुरुवार को हुई ऑडिशन ने शहर को रंगीन बना दिया. इसका आयोजन आइफा इंटरनेशनल वी3 एन इंटरटेरमेंट के मो साबिर हुसैन,अरशद ओबेद व उनकी टीम ने किया. इस तरह हुनरमंद लोगों ने अपने जलवे दिखाते हुए दुनिया को अपने डांस का जलवा दिखाने का अवसर पाया. 210 बच्चों ने ऑडिशन में शामिल कलाकारों ने अपने अभिनय, नृत्य, अनोखे अंजाद से मुंबई से आये जजों का मन मोह लिया.

## 'शासी निकाय का गठन नियम विरुद्ध'

**रांची।** झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश के अध्यक्ष आबिद अली अंसारी ने कहा कि झारखंड अधिविधि परिषद (जैक) किसी भी संस्था को अल्पसंख्यक संस्था घोषित करने अथवा नहीं करने के लिये सक्षम प्राधिकार नहीं है. परिषद के द्वारा झारखंड अधिविधि परिषद संसोधन अधिनियम 2006 का उल्लंघन करते हुए अल्पसंख्यकों के द्वारा स्थानीय संचालित मदरसा, स्कूल एवं इंटर महाविद्यालय में प्रबंधन व प्रशासन के लिए शासी निकाय का गठन नियम विरूद्ध किया जा रहा है.

## पुरानी रांची- मधुकम में लगा डुम्बु जतरा

**रांची।** पुरानी रांची और न्यू मधुकम में गुरुवार को डुम्बू जतरा का आयोजन किया गया. मंगरा पाहन ने जतरा खूंटा में रंगुवा, माला और सफेद मुर्गा की बलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर ग्राम सभा धुमकुड़िया के अध्यक्ष अतुल कुमार करकेट्टा ने कहा हजारों वर्षो से आदिवासी समाज की एकजुटता बनाने के उदेश्य से जतरा का आयोजन किया जाता रहा है. सचिव विजय उरांव ने कहा कि आदिवासी धर्म संस्कृति को बचाने की जरूरत है.

## आरयू में पैसे की हो रही बंदरबांट : ओम वर्मा

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्र की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है. आए दिन अपनी समस्या को लेकर विश्वविद्यालय आते रहते हैं. लेकिन इसका समाधान नहीं किया जाता है. क्वालिटी एजुकेशन के नाम पर पैसा का बंदरबांट, परीक्षा विभाग को प्राइवेट एजेंसी के हाथों सौंप दिया गया है. अब उग्र आंदोलन किया जाएगा. उपरोक्त बातें आजसू छात्र संघ के प्रदेश सचिव ओम वर्मा ने प्रेस रिलीज जारी करके कहा.

# श्रीमद्भागवत सत्संग शुरू, कलश यात्रा में उमड़े भक्त

संवाददाता। रांची

नॉर्थ लक्ष्मी नगर, पिस्का मोड़ में आयोजित श्रीमद्भागवत गीता सत्संग समारोह गुरुवार को कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हो गया. दिन के दस बजे समारोह स्थल से यात्रा निकाली गयी. ढोल-मंजीरे के साथ हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे ... नाम संकीर्तन करते हुए श्रद्धालु निकल पड़े. आगे-आगे कथावाचक स्वामी अचिन्त्यचक्र दास जी और अन्य इस्कॉन के संन्यासी संग श्रद्धालु झूमते हुए बढ़ रहे थे. इनके बाद कलशधारी महिलाओं की लंबी कतार थी. यात्रा गैस गोदाम रोड, दयाल नगर के रास्ते पिस्का मोड के विश्वनाथ शिव मंदिर पहुंची. यहां से पवित्र जल कलश में भरा गया. इसके बाद सभी देवी मंडप रोड, हेरल होते हुए वापस समारोह स्थल आये. शाम पांच बजे नाम संकीर्तन के साथ सत्संग शुरू हुआ. .





**जीवन का सार है श्रीमद्भागवत : स्वामी अचिन्त्यचक्र :** श्रीमद्भागवत गीता सफल जीवन का सार है. इसमें सारे पश्नों का उत्तर समाहित है. इसके श्रवण मात्र से जीवन धन्य हो जाता है. उक्त बातें स्वामी अचिन्त्यचक्र दास जी ने श्रीमद्भागवत गीता सत्संग समारोह में कही. वे उपिस्थत श्रद्धालुओं को अपना अशीर्वचन प्रदान कर रहे थे. उन्होंने गीता महात्मय पर चर्चा करते हुए कहा कि यह भगवान का गीत है. इसमें सारी समस्याओं का समाधान निहित है.

### सत्संग के सफल आयोजन में दे रहे योगदान

रामरतन शर्मा, आनंद पाठक, रामरतन शर्मा, जीतू तिर्की, ओमप्रकाश वर्णवाल, पंकज लाल, विनोद कुमार, अनिल अग्रवाल मंटू कुमार, कृष्णा लायक, रंजन अग्रवाल आदि समारोह के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

**रामरतन शर्मा :** इस्कॉन के सत्संग में 2009 में भाग लेने का मौका मिला था, तब से जीवन बदल गया. अब तो सिर्फ सद्गुरु स्वामी प्रभुपाद और भगवान ही सब कुछ हैं.

**पंकज लाल :** इस्कॉन से जुड़ कर जो आध्यात्मिक लाभ मिला है, उसे शब्दो में वर्णित नहीं कर सकता.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- दाग प्रणाली किस शासक ने शुरू किया था – अलाउद्दीन खिलजी
- पवन की गति को नापने वाले उपकरण का नाम – एनीमोमीटर
- झारखंड में सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला – रांची
- इलाहाबाद का किला किसने बनवाया था – अकबर
- गुरु ग्रंथ साहिब में कुल कितने संत कवियों के पद हैं – 17
- कंप्यूटर में आईसी चिप्स का निर्माण किससे होता है – सिलिकान
- आम का वैज्ञानिक नाम क्या है – मैग्नीफेरा इंडिका
- पूर्व का वेनिस किस शहर को कहा जाता है – कोच्चि
- खाद्य एवं कृषि संगठन का मुख्यलाय कहां है – रोम
- भारत में रुपकुंड झील कहां है – उत्तराखंड

**हाल-ए-आरयू : ज्यादा फीस वसूला, पर लौटाया ही नहीं**

# एसएस मेमोरियल के 280 छात्रों के 4 लाख नहीं लौटाए

संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय ने एसएस मेमोरियल कॉलेज के 280 छात्रों के लगभग 4 लाख रुपये नहीं लौटाये. एसएस मेमोरियल कॉलेज के सत्र 2018-20 के सेमेस्टर- 3 के 280 स्टूडेंटस से अधिक पैसा वसूला गया था, लेकिन लौटाया नहीं गया. फीस लौटाने के लिए झारखंड प्रदेश यूथ कमेटी के उपाध्यक्ष हुसैन अंसारी ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा से मिल कर ज्ञापन सौंपा है. आवेदन में कहा है कि सत्र 2018-2020 के स्नातकोत्तर सेमेस्टर- 3 के विद्यार्थियों से एडमिशन के नाम पर एक्स्ट्रा फीस ली गयी थी.

सोच- विचार के बाद रांची विश्वविद्यालय के पूर्व डीएसडब्ल्यू डॉ. पीके वर्मा ने स्टूडेंट्स से वसूली गयी एक्स्ट्रा फीस वापस करने का निर्णय लिया और इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी. सभी स्टूडेंट्स ने कॉलेज और विश्वविद्यालय को आवेदन दिया. दो साल बीतने के बाद भी अब तक छात्रों का पैसा वापस किया नहीं गया. पैसा वापस करने के लिए रांची विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. कामिनी कुमार से लेकर वर्तमान कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा तक को आवेदन किया, लेकिन पैसा अब तक वापस नहीं हो सका है.



### ज्यादा फीस ली, पर लौटा नहीं रहे : हुसैन

हुसैन अंसारी ने कहा कि कोरोना काल में रांची विश्वविद्यालय में नामांकन फीस बढ़ा कर ली जा रही थी. इसके बाद विश्वविद्यालय ने फीस घटाने की बात कही. फिर फीस घटा के दी गयी. जो बढ़ा पैसा लिया गया था, उसे अब तक नहीं लौटाया गया है. 280 छात्रों का लगभग 4 लाख रुपये रांची विवि दबा कर बैठा है.

**किस फैकल्टी के कितने स्टूडेंट के पैसे नहीं लौटे**

| | |
|---|---|
| एमकॉम | 100 |
| एमए हिस्ट्री | 60 |
| एमए पॉलटिकल साइंस | 60 |
| एमए हिंदी | 60 |

### हटाए गए डोरंडा कॉलेज के बीएड के शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश

**रांची।** डोरंडा कॉलेज के बीएड विभाग के अनुबंध शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश को हटा दिया गया है. इसके लिए रांची विश्वविद्यालय ने नोटिफिकेशन जारी किया है. डॉ ओम प्रकाश के ऊपर महिला शिक्षिका से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा था. इसके बाद छात्र संगठन ने हंगामा किया था. बीते बुधवार को छात्र संगठनों ने डोरंडा कॉलेज के प्रिंसिपल का घेराव किया था जिसके बाद विवाद को देखते हुए रांची विश्वविद्यालय ने नोटिफिकेशन जारी करके डॉ. ओमप्रकाश को हटा दिया.

### डोरंडा कॉलेज : वोटर के अधिकार बताये



**रांची।** निर्वाचन आयोग ने डोरंडा कॉलेज में वोटर जागरूकता अभियान चलाया गया. इसमें आयोग के डिप्टी इलेक्शन ऑफिसर विवेक कुमार सुमन ने कॉलेज के छात्र-छआत्राओं को वोटर आईटी बनवाने, उनके अधिकारों और इसमें कैसे सुधार किया जा सकता है, इस सभी बातों को अच्छी तरह बताया गया. कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा, डॉ. अमित डेमता, डॉ स्नेहा साह, डॉ मंजू मिंज,अवधेश ठाकुर मौजूद रहे.

### उमेश महानगर अध्यक्ष ऋतुराज मंत्री बनाए गए

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार को रांची महानगर की नयी कार्यकारिणी की घोषणा की. इसमें रांची महानगर अध्यक्ष उमेश कुमार व रांची महानगर मंत्री ऋतुराज साहदेव को बनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय खेलो भारत की संयोजिका पल्लवी गाड़ी, प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन मिश्रा, प्रांत मंत्री सोमनाथ भगत, जिला प्रमुख आनंद ठाकुर, जिला संयोजक अमर सिंह ने सामूहिक दीप प्रज्वलन, भारत माता व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गई. रांची महानगर के निर्वाचन कार्यकारिणी के निर्वाचनकर्ता आनंद ठाकुर ने पुरानी इकाई को भंग कर नयी इकाई की घोषणा की. मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विशाल सिंह, दुर्गेश यादव, अभिनवजीत एसएफएस प्रमुख अंकित रंजन, प्रांत सोशल मीडिया आनंद कुमार सौरव, विद्यानंद आदि उपस्थित रहे.

### रांची विश्वविद्यालय ने एलएन मिथिला को हराया

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय टीम ने गुरुवार को संबलपुर में खेले गए पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा को 6- 0 से पराजित कर अपना विजय अभियान जारी रखा. रांची की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन एक बार फिर दर्शकों को मन मोह लिया. रांची की इस जीत में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अष्टम उरांव और अनिता कुमारी के दो-दो गोल दागे. जबकि अलीशा तिग्गा और कुसमा ने 1-1 गोल किया. रांची विश्वविद्यालय का अगला मुकाबला कल खेला जाएगा.

## फील्ड अपडेट

### डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की खेलकूद प्रतियोगिता

**रांची।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स द्वारा विकास विद्यालय में क्लस्टर स्तरीय खेलकूद की शुरुआत की गयी, जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार से हुआ. डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत तीन स्तरों पर खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं. पहले क्लस्टर फिर जोनल और फिर नेशनल. प्रतियोगिता विकास विद्यालय के मैदान में हो रही है, जिसका आयोजन डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल है. गुरुवार को अलग-अलग आयु वर्ग की बॉयज और गर्ल्स की टीम ने भाग लिया, जिसमें अंडर 14 के बच्चों के ग्रुप के फाइनल में डीएवी हेहल ने डीएवी कपिल देव को हराया. अंडर 19 बच्चियों के ग्रुप के फाइनल में भी डीएवी हेहल ने डीएवी कपिल देव को हराया. अंडर 17 के बच्चों के ग्रुप में डीएवी गुमला ने डीएवी खूंटी को हरा कर अगले राउंड के लिए क्वलीफाई किया.

### मेदिनीनगर और गुमला को मिले नए बिशप

**रांची।** झारखंड चर्च को दो नए शेफर्ड मिले हैं. थियोडोर मैस्करेनहास एसएफएक्स मेदिनीनगर के बिशप और लिनस पिंगल एक्का को गुमला का बिशप नियुक्त किया गया. इसकी घोषणा रोम में गुरूवार को, सेंट एंड्रयू द एपोस्टल के पर्व पर, रोम समय के दोपहर 12:2 बजे और रांची में बिशप, धार्मिक और पुजारियों की एक बैठक के दौरान की गई. उन्होंने कहा कि हम इन दो पादरी के उपहारों के लिए प्रभु को धन्यवाद देते हैं और उन्हें हमारी स्वर्गीय माता, प्रेरणाओं की महिला रानी की दीक्षा देखभाल का दायित्व देते हैं. ई ट वर्तमान में गुमला के नए बिशप के रूप में गुमला लाइनस पिंगल एक्का के डायोसेसन स्थान मिला हैं. गुमला स्थान 15 जून 2021 से खाली थी.



### सीएमपीडीआई के तीन कर्मचारी सेवानिवृत हुए

**रांची।** सीएमपीडीआई परिवार के 3 सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर गुरुवार को संस्थान के कांफ्रेंस हाल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इनमें मुरारी प्रसाद-मुख्य प्रबंधक (ईएंडएम), एसएस सिंह-मुख्य प्रबंधक (ईएंडएम) एवं सुरेन्द्र प्रसाद सिंह-डाटा इंट्री आपरेटर शामिल हैं. इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/इंजीनियरिंग सेवाएं) सतीश झाने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी जीवन की कामना की.



### नीलम स्मृति फुटबॉल में ब्रांड जंगल विजेता बना

**रांची।** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में गुड़गाई,ओरमांझी में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरुवार को चार मैच हुए. दो सेमीफाइनल, फाइनल और बालिकाओं का एक फुटबॉल मैच हुआ. मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद, फाउंडेशन अध्यक्ष बरखा आनंद ने उद्घाटन किया. विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया. तीन दिवसीय मैच का ग्रुप ए का सेमी फाइनल मैच भुमित 11 भेलवाटोली बनाम डायमंड फुटबॉल क्लब रांची के बीच खेला गया, जिसमें भूमित 11 भेलवाटोली 2-0 विजय रहा एवं ग्रुप बी का ब्रांड जंगल ओरमांझी बनाम जेबीकेएसएस गुडू के बीच खेला गया. ब्रांड जंगल ओरमांझी की जीत हुई.

### हिंदी अनुवाद नहीं, संवाद की भाषा : डॉ. सामल

**रांची।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड प्रभाग पांच एवं राज्य एकक कार्यालय रांची के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को हरमू स्थित प्रभागीय कार्यालय के सभागार में राजभाषा हिंदी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राजस्व विभाग के सहायक निदेशक (राजभाषा) डॉ. सूर्यकांत सामल, राज्य एकक कार्यालय प्रभारी अधिकारी रोज अनीता कुजूर, कार्यपालक अभियंता एससी प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यशाला में कार्यालय अधीक्षक अमित कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया .तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. सामल ने कहा कि सभी प्रादेशिक भाषाओं के साथ-साथ राजभाषा का विकास होना चाहिए. इस अवसर पर सहायक कार्यपालक अभियंता जीएस सेनापति, सुलेखा भाया, डॉ. अनुकरण कुजूर, अतुल बेक, मो. सादमान, विवेक कुमार पवन कुमार दीपक, रंजन कुमार, राज किशोर वर्मा आदि मौजूद रहे.



# झारखंड विधानसभा के नए भवन से उर्दू गायब

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के नए भवन से उर्दू गायब है. यह दावा करते हुए अंजुमन बका ए अदब रांची के महासचिव नसीर अफसर ने नाराजगी जतायी है. उन्होंने कहा है कि 2006 से झारखंड में उर्दू को दूसरी सरकारी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है. इसके अलोक में उन्होंने एक मुशायरे के दौरान तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष आलमगीर आलम से मांग की थी कि जिस तरह बिहार विधानसभा भवन में हिंदी के नीचे उर्दू में बिहार कानूनसाज असेंबली लिखा हुआ है, ठीक उसी प्रकार झारखंड विधानसभा भवन में भी उर्दू से लिखवाया जाए. उक्त मांग को तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष ने पूरी करते हुए उस समय के भवन में झारखंड विधानसभा के नीचे उर्दू में लिखवा दिया था, लेकिन वह बात केवल वहीं तक रह गयी. जब विधानसभा का नया भवन बना तो उसके नामपट से उर्दू को गायब कर दिया गया. इस संबंध में नसीर अफसर ने जून माह में ही पंजीकृत डाक से वर्तमान अध्यक्ष को एक मांग पत्र भेजा है, लेकिन उसपर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है. उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से नए भवन के साइन बोर्ड पर हिंदी में झारखंड विधानसभा के नीचे उर्दू में झारखंड कानून साज असेंबली लिखवाने की मांग की है.




### महिला और नवजात को अस्पताल में बंधक बनाया

**रांची।** रांची के निजी अस्पतालों की मनमानी का एक और मामला सामने आया है. बोकारो जिला के ललपनिया के रहने वाले सुनील हांसदा ने सिविल सर्जन को पत्र लिख कर अस्पताल पर अपनी पत्नी और नवजात बच्चे को बंधक बनाने का आरोप लगाया, साथ ही उन दोनों को छुड़ाने की मांग की है. सुनील ने बताया कि एसीएमएस क्यूरेस्टा अस्पताल ने उनकी पत्नी सुनिता मुर्मू और उनके नवजात को आठ दिनों से बंधक बनाए रखा है. उन्होंने बताया कि 45 हजार जमा करने के बाद और 90 हजार की मांग की जा रही थी. जिसमें वे असमर्थ हैं.

> देर शाम शिकायत मिली है. जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी भी बनाई गई है. जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर अस्पताल पर कार्रवाई की जाएगी.
> **डॉ प्रभात, सिविल सर्जन**

# संविधान को समझना बहुत जरूरी है : गुंजल इकिर

संवाददाता। रांची

मोरहाबादी स्थित डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में भारत के संविधान की उद्देशिका के जनजातीय भाषा मुंडारी में किए गए अनुवाद का लोकार्पण गुरुवार को किया गया. उद्देशिका का जनजातीय भाषा मुंडारी में अनुवाद संस्थान रुम्बुल और प्रदान समेत अन्य संगठनों के सहयोग से किया गया. लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि टीआरआई के निदेशक रणेन्द्र और कानून विशेषज्ञ रश्मि कात्यायन शामिल हुए.

इस अवसर पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर गुंजल इकिर मुंडा ने कहा कि संविधान को समझना बहुत जरूरी है. खास कर आदिवासी समुदाय के लोगों को संविधान के बारे में जानने की आवश्यकता है, किन्तु भाषा में अंतर के कारण संविधान समझने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि हम किसी का भी सीधे तौर पर अनुवाद नहीं कर सकते हैं. संस्थान के प्रदान की इकरा और सोमरा मुंडा ने अनुवाद के उद्देश्य और मुंडा गावों में किये गए परीक्षण के अनुभव को साझा किया. उन्होंने कहा कि इस परीक्षण में उन्हें आदिवासियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है. साथ ही लोगों को अपने संविधान को समझने में काफी आसानी हुई है. जनजातीय क्षेत्रों और मुंडारी इलाकों में संविधान की प्रस्तावना को शहर से गांव तक पहुंचाने के लिए 15 सदस्य टीम बनायी गयी थी.



**सफलता** सरकारी नौकरियों में लगातार सफल हो रहे संस्थान के स्टूडेंट्स

# एनआईबीएम में तैयारी कर मिल रहा सक्सेस

संवाददाता। रांची

प्लस टू, स्नातक के बाद विद्यार्थियों के लिए कई कॅरियर विकल्प खुल जाते हैं. ज्यादातर स्टूडेंट्स सरकारी नौकरी की तैयारी करते हैं. ऐसे में उन्हें एक बेहतर साथी और गाइड करनेवाले संस्थान की जरूरत होती है. इस कड़ी में रांची, झारखंड और आसपास के राज्यों के स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में एनआईबीएम, रांची का रुख करते हैं. ये संस्थान 25 वर्षों से प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करा रहा है. यहां के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और आधुनिक शिक्षा पद्धति से स्टूडेंट्स बेहतर प्रदर्शन कर सरकारी नौकरियों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं. वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में कई विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाइन भी कर चुके हैं. यहां के छात्र रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग, इनकम टैक्स विभाग, सीबीआई समेत कई सेंट्रल और राज्य सरकार के कार्यालयों में सेवा दे रहे हैं.




संस्थान के निदेशक एमके गुप्ता ने बताया कि यहां के शिक्षक 25 से भी ज्यादा वर्षों के अनुभवी हैं. निदेशक खुद मैथ्स और रिजनिंग की क्लास लेते हैं. हर दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है और तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की सफल अभ्यर्थियों व विशेषज्ञों द्वारा कॅरियर काउंसिलिंग और मोटिवेट कराया जाता है, जिससे विद्यार्थी महज 6 से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं.

एनआईबीएम लगातार 25 वर्षों से काफी बेहतर प्रदर्शन करता आ रहा है. बैंक की तैयारी कर रहे स्नात्तक, बी-टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग के लिए सेपरेट व एसएससी रेलवे की सेपरेट व कम्बाइंड बैच 4 व 8 दिसंबर से विधिवत लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ प्रारंभ किया जा रहा है. इच्छुक विद्यार्थी श्री साईं टॉवर, सरकुलर रोड स्थित एनआईबीएम संस्थान में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

**खास बातें**

- संस्थान में पुस्तकों-मैगजीन से सुसज्जित लाइब्रेरी भी है
- नए पैटर्न पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कंप्यूटर लैब है

# डीपीएस में साइंस फिल्म फेस्टिवल

संवाददाता। रांची

इकोसिस्टम रिस्टोरेशन की महत्वपूर्ण जरूरतों के बारे में जागरूकता व समझ को बढ़ावा देने के लिए, गोएथे इंस्टीट्यूट ने दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में साइंस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन गुरुवार को किया. जिसका उद्देश्य इकोसिस्टम रिस्टोरेशन विषय पर प्रकाश डालना और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था. कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन दुर्भा अलीवेलु व तुहिन सुभ्रा हलदर थे. फिल्म महोत्सव की शुरुआत इकोसिस्टम रिस्टोरेशन के व्यावहारिक परिचय के साथ हुई. जिसमें पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की तात्कालिकता और हमारे पारिस्थितिक तंत्र में संतुलन बहाल करने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को रेखांकित किया गया. महोत्सव में विज्ञान से संबंधित फिल्मों, वृत्तचित्रों और एनिमेटेड मूवीज का प्रदर्शन किया गया. फिल्मों ने न केवल पारिस्थितिक संकटों पर प्रकाश डाला, बल्कि सामूहिक कार्रवाई की शक्ति पर जोर देते हुए दुनिया भर की सफल बहाली परियोजनाओं को भी प्रदर्शित किया. कार्यक्रम में डीपीएस रांची के 150 छात्र शामिल थे.



फिल्म स्क्रीनिंग के बाद, 'इकोसिस्टम रिस्टोरेशन' विषय पर साइंटिफिक एक्सपेरिमेंट का आयोजन भी किया गया. विद्यार्थियों को समूहों में विभाजित किया गया था. प्रयोगों में मृदा पुनर्जीवन तकनीकों से लेकर जल शुद्धिकरण की विधियां तक शामिल थी, जो पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए बहुमुखी दृष्टिकोण का प्रदर्शन करते थे. इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों ने सहयोगात्मक और अनुभवात्मक सीखने के माहौल को बढ़ावा देते हुए प्रयोगात्मक प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया.

### हमारे छात्रों के लिए अनूठा मंच : प्राचार्य

मौके पर प्राचार्य, डॉ राम सिंह ने कहा कि विज्ञान फिल्म महोत्सव ने हमारे छात्रों को जटिल पर्यावरणीय मुद्दों से सम्मोहक तरीके से जुड़ने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया एवं वैज्ञानिक प्रयोगों ने उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान का अनुवाद करने की अनुमति दी.

▼ **ब्रीफ खबरें**

### पानी भरे गड्ढे में मिला छोटे भाई का शव

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में आपराधिक घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है. गुरुवार को भी यहां दो दिन से गायब एक युवक का शव पानी भरे गड्ढे से बरामद किया गया है. घटना बेगूसराय रेलवे मालगोदाम के सामने लोहिया नगर सहायक थाना क्षेत्र स्थित गड्ढे की है. मृतक की पहचान नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 बाघा निवासी फेकन महतो के पुत्र गोविंद कुमार के रूप में की गई है. घटना का सबसे सनसनीखेज पहलू यह है कि गोविंद का शव जहां पानी भरे गड्ढे से बरामद किया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### बगहा में सीएसपी संचालक लापता

**बगहा ।** बगहा में सीएसपी संचालक के लापता होने का मामला सामने आया है. जिसे लेकर उसके परिजनों ने थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है. लिहाजा पुलिस मामले के छानबीन में जुटी हुई है. बताया जा रहा है कि सीएसपी संचालक के साथ पहले एक बार लूट की वारदात भी हो चुकी है. वहीं युवक सेंट्रल बैंक का सीएसपी संचालक है और बुधवार को दोपहर से लापता बताया जा रहा है. सीएसपी संचालक की पहचान राज कुमार के रूप में हुई है, जो नरवल गांव में सीएसपी चलाता है. परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जतायी है.

### पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य देवमुनि का निधन

**पटना ।** लंबे समय तक राजद के पटना जिला अध्यक्ष के रूप में काम कर चुके देवमुनि यादव अब दुनिया में नहीं रहे. उनके निधन से राजद परिवार में शोक की लहर है. राष्ट्रीय जनता दल के तमाम बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है. पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य देवमुनि यादव का निधनः आपको बता दें कि देवमुनि को पिछले दोनों पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया था और वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे. राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव,जगदानंद सिंह समेत अन्य नेताओं ने उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है.

## सत्तारूढ़ जदयू विधायक राजकुमार सिंह और सरकारी डॉक्टर भिड़े, विधायक बोले-

# तुम्हारी नौकरी ले लूंगा, डॉक्टर बोला-कोई दिक्कत नहीं

**संवाददाता ।पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड के विधायक राजकुमार सिंह (मटिहानी विधानसभा) और सदर अस्पताल के डॉक्टर चंदन कुमार के बीच तीखी बहस का वीडियो वायरल हो रहा है. विधायक ने डॉक्टर से गुस्से में कहा-अरे...शटअप पहले तमीज से बात करो, तुम्हारी नौकरी खत्म करुंगा मैं. डॉक्टर ने जवाब देते हुए कहा कि करवा दीजिए, कोई दिक्कत नहीं है. दरअसल, विधायक डॉ. चंदन कुमार के व्यवहार से नाराज थे. वह बार-बार तमीज से बात करने की नसीहत दे रहे थे. इतना ही नहीं विधायक ने कहा कि बेगूसराय सदर अस्पताल के डॉक्टर ही जब खुद बीमार हैं तो वह दूसरों का इलाज क्या करेंगे? विधायक ने डॉक्टर की शिकायत करने भी बात कही. बताया जा रहा है कि राजकुमार सिंह बम धमाके में घायल बच्चों से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे थे. बच्चों की गंभीर हालत को देख कर विधायक अचानक डॉक्टर की खोज करने लगे. इस दौरान इमरजेंसी ड्यूटी में मात्र एक डॉक्टर तैनात थे. डॉक्टर ने बच्चों का इलाज करने से मना ही नहीं कर दिया. इसके बाद विधायक के समर्थकों ने मुलाकात की बात कही तो डॉक्टर ने इनकार कर दिया. वहीं अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे राजकुमार सिंह अपनी इस बेइज्जती को देखकर आग बबूला हो गए और डॉक्टर चंदन कुमार को खूब खरी-खोटी सुनाई.

**सिविल सर्जन भी डॉ. चंदन की शिकायत से परेशान दिखे :** विधायक ने सिविल सर्जन प्रमोद कुमार को फोन कर सदर अस्पताल बुलाया. सिविल सर्जन फौरन अस्पताल पहुंचे. इसके बाद विधायक ने सिविल सर्जन को पूरे हालात से अवगत कराया. सिविल सर्जन भी डॉ. चंदन की शिकायत से परेशान दिखे. लेकिन, किसी के द्वारा लिखित शिकायत नहीं करने के कारण कार्रवाई से अपनी असमर्थता जाहिर की. सिविल सर्जन के सामने भी विधायक और डॉक्टर चंदन के बीच बहस होने लगी.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- बिहार में शेरशाह सूरी का मकबरा बिहार में कहां है – सासाराम
- सेन वंश का संस्थापक कौन था – सामंत सेन
- स्टेलनेस स्टील किसकी मिश्रित धातु है – क्रोमियम और आयरन
- बिहार में पहली बार विधानसभा चुनाव कब हुआ – 1937
- कांच के निर्माण में प्रयुक्त कच्ची सामग्रियां – बालू, सोडा, चूना–पत्थर
- थीपुसम त्यौहार किस समुदाय के द्वारा मनाया जाता है – तमिल
- गौतम बुद्ध के पिता का क्या नाम था – शुद्धोधन
- मड़ई त्यौहार किस प्रदेश का आदिवासी त्यौहार है – छत्तीसगढ़
- जोवाई हिल स्टेशन किस राज्य में स्थित है – मेघालय
- चोल वंश का अंतिम राजा कौन था – राजेंद्र तृतीय

## पटना में बेखौफ अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

# जमीन कारोबारी को मारी गोली घायल अवस्था में पटना रेफर



**संवाददाता ।पटना**

राजधानी पटना में अपराधी बेखौफ हो गए हैं. ताजा मामला जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र का है जहां गुरुवार देर रात महमदली चक के पास शेखपुरा की ओर जाने के क्रम में अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने जमीन कारोबारी के वाहन पर जमकर फायरिंग की. इस घटना में जमीन कारोबारी गोली लगने से घायल हो गए हैं. जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं घायल की पहचान नौबतपुर थाना के शेखपुरा गांव निवासी दिनेश सिंह के पुत्र नितेश कुमार के रूप में हुई है.

मिली जानकारी के अनुसार जमीन कारोबारी नितेश कुमार अपने फॉर्च्यूनर से लखीसराय से देर रात लौट रहे थे. इसी दौरान नौबतपुर थानाक्षेत्र के महमदली चक के पास पहले से घात लगाकर बैठे बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. जहां दो गोली नितेश कुमार को लगी, घटना की जानकारी मिलने के बाद नौबतपुर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक सभी अपराधी फरार हो गए थे.

**घायल कारोबारी का चल रहा है इलाज :** वहीं इस संबंध में नौबतपुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि जमीन कारोबारी नितेश कुमार को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारी गई है. सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी. घायल अवस्था में नितेश कुमार को पटना रेफर किया गया है, जहां इलाज चल रहा है. उनके फर्द बयान पर पुलिस मामला दर्ज कर आगे कानूनी कार्रवाई में जुट गई है. बता दें कि फरार अपराधियों की पहचान को लेकर पुलिस छापेमारी में जुट गई है.

## बिजली को लेकर हुआ था विवाद

### भाभी ने चाकू गोदकर की देवर की हत्या

**मुंगेर :** जिले के धरहरा थाना क्षेत्र के अदलपुर में बुधवार की देर शाम भाभी ने अपने ही 26 वर्षीय देवर अभिषेक कुमार की चाकू गोदकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान अदलपुर निवासी उपेंद्र मंडल के 26 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि अभिषेक कुमार को परिजन थाना ले जा रहे थे. इस बीच रास्ते में ही किसी के सुझाव पर घायल अवस्था में ही उसे सदर अस्पताल ले आए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं, अभिषेक कुमार की शादी इस वर्ष 30 मई को खड़गपुर थाना क्षेत्र के धपरी मोड़ निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री कंचन कुमारी के साथ हुई थी. अभिषेक कुमार छह भाइयों में चैथा है, जिसे तीसरे भाई निवास मंडल की पत्नी सोनी कुमारी ने चाकू मारा है. घटना का कारण बिजली विवाद बताया जा रहा है. वहीं, मृतक के पिता उपेंद्र मंडल ने बताया कि निवास मंडल का अपना निजी बिजली कनेक्शन है. शेष पांच भाई एक साथ रहते हैं. बुधवार को अभिषेक ने अपना पंखा चलाया तो आरोपित सोनी कुमारी ने उस पर बिजली कनेक्शन बायपास कर पंखा चलाने का आरोप लगाया. इसके बाद अभिषेक किसी कारण से अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज कर रहा था. इस दौरान आरोपित को लगा कि अभिषेक उसे ही गाली दे रहा है. इससे नाराज ने सोनी ने चाकू निकाली और उसे चाकू मारकर जख्मी कर दिया.

### सीएम नीतीश वायरल फीवर से ग्रसित, सुधार

**पटना ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार-पांच दिनों से बीमार चल रहे हैं. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को वायरल फीवर हुआ है, जिसके बाद से डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है. डॉक्टर लगातार सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं. इसकी वजह से सीएम का गुरुवार को शिवहर दौरा रद्द कर दिया गया है. मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए मंत्री संजय झा ने गुरुवार को बताया कि मुंगेर में कार्यक्रम के दौरान ही नीतीश जी को फीवर आया था. पिछले दिन-चार दिनों से बुखार है. डॉक्टरों के अनुसार वायरल फीवर है, दो-चार दिन में ठीक हो जाएगा.

# जमुई का इनामी अपराधी पप्पू मंडल ने किया सरेंडर

**संवाददाता ।जमुई**

जमुई कोर्ट में इनामी अपराधी सुरेंद्र मंडल उर्फ पप्पू मंडल ने आत्मसमर्पण कर दिया है. वह जिले का टॉप टेन में वांछित एवं इनामी घोषित फरार नामजद अभियुक्त है. उसपर जमुई टाउन थाने में विभिन्न धाराओं के मामले दर्ज हैं.

पुलिस लगातार बिहार और झारखंड स्थित लगभग एक दर्जन से अधिक संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी, लेकिन गुरुवार को अपराधी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया. पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी. जानकारी देते हुए जमुई एसडीपीओ संतोष सुमन ने बताया कि फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित की गई. पुलिस टीम लगातार बिहार और झारखंड स्थित लगभग एक दर्जन से अधिक संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी. पुलिस दबिश से परेशान होकर अपराधी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया. उक्त नामजद अभियुक्त पर जमुई टाउन थाने में विभिन्न धाराओं के मामले दर्ज थे.

# जिस पार्टी के लोकसभा में हैं जीरो एमपी, वो तय कर रहा कौन होगा पीएम : प्रशांत किशोर

**पटना ।** राजद सुप्रीमो लालू यादव ने हाल ही में बयान दिया कि पीएम नरेंद्र



मोदी का खेल खत्म और नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनेंगे. इस पर जमकर बयानबाजी हो रही है. इसी क्रम में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने लालू के पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को समझाते हुए इस बयान पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि अगर खुद के मुंह से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनना होता, तो किसी दूसरे के प्रयास करने की बात ही कहा थी. लालू की पार्टी जिसको कि बड़ा दल मानते हैं, उसके लोकसभा में जीरो एमपी हैं, लेकिन वो तय करेंगे कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा ? नीतीश कुमार के 42 एमएलए हैं और मुख्यमंत्री बनने के लिए वे कभी लालटेन पर लटकते हैं, तो कभी कमल के फूल पर बैठते हैं, वह देश के पीएम बनेंगे?

दरभंगा के केवटी प्रखंड में पत्रकारों से बातचीत में गुरुवार को प्रशांत किशोर ने कहा कि जो इंडिया गठबंधन इन लोगों ने मिलकर बनाया है,जिसको लेकर इतना हल्ला मचा. उसमें आपको संयोजक तक तो किसी ने बनाया नहीं और आप प्रधानमंत्री बनने की बात कर रहे हैं. बिहार में कुछ चाटुकार नेता चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि बिहार के बाहर कौन जानता है कि ये लोग कौन हैं? आज देश में सबसे बड़ा दल बीजेपी है और उसके बाद कांग्रेस है. विपक्ष का प्रधानमंत्री पद के लिए चेहरा होगा, तो वह कांग्रेस से होना चाहिए. मान लीजिए कि कांग्रेस से नहीं होगा, तो दूसरा सबसे बड़ा दल टीएमसी है उससे होना चाहिए.

## कारोबार

### स्टरलाइट को मिला परियोजना का ठेका

**नयी दिल्ली ।** स्टरलाइट पावर को राजस्थान में आठ गीगावॉट हरित ऊर्जा पारेषण परियोजना का मिला ठेका मिला है. कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, उसे राजस्थान आरईजेड भाग-बी पारेषण परियोजना का ठेका मिला है. स्टरलाइट पावर के प्रबंध निदेशक प्रतीक अग्रवाल ने कहा, पारेषण आज भारत के ऊर्जा बदलाव की सफलता को रेखांकित करता है. हम इस महत्वपूर्ण परियोजना का ठेका पाकर खुश हैं जिसके जरिए आरई समृद्ध बीकानेर से करीब 8000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश स्थित केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी.

### ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने खोला पहला सेवा केंद्र

**मुंबई ।** ईवी निर्माता ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने दिल्ली-एनसीआर में अपना पहला कंपनी-स्वामित्व-कंपनी-संचालित (सीओसीओ) सेवा केंद्र (सर्विस सेंटर) स्थापित किया है. कंपनी ने कहा कि 40 करोड़ रुपये के कुल निवेश से 2025 तक ऐसी चार सुविधाएं स्थापित की जाएंगी. ओएसएम की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, चौबीसों घंटे सेवाएं देने वाली यह सुविधा यात्री व वाणिज्यिक सभी प्रकार के ओएसएम वाहनों की सभी जरूरतों को पूरा करेगी. खासकर रात के समय तत्काल सेवाएं मुहैया कराएगी.

### टाटा कॉफी को विस्तार के लिए मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली ।** टाटा कॉफी को वियतनाम स्थित अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का क्षमता विस्तार करने के लिए निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गई है. इसके लिए 450 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निदेशक मंडल ने वियतनाम में अतिरिक्त 5,500 टन फ्रीज-ड्राय कॉफी सुविधा की स्थापना को मंजूरी दे दी है. टाटा कॉफी के अनुसार, अतिरिक्त क्षमता के लिए 5.33 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा. यह धनराशि आंतरिक संचय और बैंक वित्तपोषण से प्राप्त की जाएगी.

## अब फार्मा कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रही हैं

# मुश्किल में चीन का फार्मा सेक्टर, हालत खराब

**भाषा ।नयी दिल्ली**



अर्थव्यवस्था के मामले में पिछड़ रहे चीन के सामने मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ती जा रही हैं. पहले रियस एस्टेट को झटका लगा. उसके बाद बैंकिंग सेक्टर बिगड़ा. अब इसमें फार्मा सेक्टर भी शामिल हो गया है. चीन की खस्ताहाल इकॉनमी का हाल अब खुलकर सामने आ गया है. चीन की आर्थिक सेहत का खुलासा होने लगा है. कभी दुनिया की फैक्ट्री कहलाने वाला चीन अब अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने की कोशिशों में जुटा है.

चीन की घट रही जीडीपी उसकी मुश्किलों को बढ़ा रही है. वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने चीन के अनुमानित जीडीपी ग्रोथ को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है. चीन का रियल एस्टेट अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है. रियल एस्टेट कंपनियां दिवालिया हो रही हैं. इससे बैंकिंग सेक्टर प्रभावित हुई. चीन अभी कोरोना संकट से संभल भी नहीं पाया था कि रहस्यमयी तरीके से फैल रहे माइक्रोप्लाज्मा निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू ने इसकी परेशानी को बढ़ा दिया. वहीं अब चीन का फार्मा सेक्टर भी मुश्किलों में घिरता दिख रहा है. बड़ी दवा कंपनियों का चीन से मोह भंग हो रहा है. खासकर अमेरिका के साथ चीन को दुश्मनी भारी पड़ने लगी है.

अब फार्मा कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रही हैं. ड्रगमेकर्स चीनी कॉन्ट्रैक्टर्स पर अपनी निर्भरता को घटाने की कोशिश कर रहे हैं. बता दें कि फार्मा कंपनियों के लिए चीनी कॉन्ट्रैक्टर क्लीनिकल ट्रायल्स और प्रारंभिक चरण के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली दवाओं का उत्पादन करते हैं. अब फार्मा कंपनियां चीनी कॉन्ट्रैक्टर पर अपनी निर्भरता को कम करने लगी हैं. कम लागत और तेज रफ्तार के कारण चीन फार्मास्युटिकल रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग के लिए दवा कंपनियों का पसंदीदा जगह हुआ करता था, लेकिन चीन के सख्त रवैये और अमेरिका के साथ बढ़ते ट्रेड वॉर के बाद से फार्मा कंपनियां चीन से दूरी बढ़ाने लगी है.

चीन से बढ़ती दूरी भारत के लिए अवसर से कम नहीं है. बायोटेक कंपनियां क्लिनिकल ट्रायल, रिसर्च और आउटसोर्स के लिए भारतीय मैन्युफैक्टरिंग कंपनियों के साथ काम करने पर विचार कर रही हैं. बायोटेक कंपनियां चीन से दूरी बनाने लगी हैं. डायबिटीज और मोटापे के उपचार के लिए दवा बनाने वाली फार्मा कंपनी ग्लाइसेंड थेरेप्यूटिक्स के फाउंडर आषीन निमगांवकर की मानें तो ऐसे कई फैक्टर्स हैं, जिसने चीन को बायोटेक कंपनियों के लिए कम आकर्षक बना दिया है.

#### मुश्किलें बढ़ीं

- चीन की रियल एस्टेट कंपनियां दिवालिया हो रही हैं
- बायोटेक कंपनियां चीन से दूरी बनाने लगी हैं

कंपनियां चीन की बजाय भारतीय कंपनियों के साथ काम करने में रुचि दिखा रही है. चीनी कंपनियों के मुकाबले भारतीय कंपनियों को प्राथमिकता दी जा रही है. भारतीय कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गेनाइजेशन को प्राथमिकता मिल रही है. भारत के चार प्रमुख सीडीएमओ सिनजीन, एराजेन लाइफ साइंसेज, पीरामल फार्मा सॉल्यूशंस, साई लाइफ साइंसेज के मुताबिक उन्हें बायोटेक कंपनियों खासकर पश्चिमी फार्मा कंपनियों की ओर से अधिक इंटरेस्ट देखने को मिल रहा है.

**कंपनियां चीन से अपना पैसा निकाल रही हैं :** चीन में कोरोना के बाद से बिगड़े हालात के बाद से कंपनियां चीन से मुंह मोड़ रही हैं. कंपनियां चीन से अपना पैसा निकाल रही हैं. वहीं भारत चीन का बड़ा विकल्प बनकर उभर रहा है. चीन के बजाय भारत में विदेशी कंपनियों का निवेश बढ़ रहा है. ऐपल, फॉक्सकॉन, माइक्रॉन जैसी कंपनियों ने चीन से निवेश के बजाए भारत में निवेश बढ़ाया है. वहीं अमेरिका की दिग्गज रिटेल कंपनी वॉलमार्ट ने भी चीन को झटका दिया है. वॉलमार्ट ने कहा है कि वो अब ज्यादा से ज्यादा गुड्स भारत से इंपोर्ट कर रहा है. वॉलमार्ट ने चीन पर अपनी निर्भरता को लगातार कम कर रहा है. साल 2023 में जनवरी से अगस्त के दौरान कंपनी ने अमेरिका में किए गए इंपोर्ट्स में से एक चौथाई भारत से आयात किया है



**नंदन नीलेकणि और निखिल कामथ**

# फोर्ब्स एशिया की 'हीरोज ऑफ फिलैंथ्रॉपी' सूची में शामिल

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि, डीएलएफ के मानद चेयरमैन केपी. सिंह और जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ को फोर्ब्स एशिया की हीरोज ऑफ फिलैंथ्रॉपी सूची के 17वें संस्करण में शामिल किया गया है. यह सूची बृहस्पतिवार को जारी की गई. फोर्ब्स की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सूची में किसी को कोई 'रैंक' नहीं दी गई है. वार्षिक सूची में 15 परोपकारियों को शामिल किया गया है. फोर्ब्स के अनुसार, प्रौद्योगिकी दिग्गज इंफोसिस के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने जून में आईआईटी बॉम्बे को 3.2 अरब रुपये (3.8 करोड़ अमरीकी डालर) का दान दिया था. वहीं सिंह (92) ने अगस्त में परोपकारी कार्यों के लिए रियल एस्टेट कंपनी में अपनी शेष प्रत्यक्ष हिस्सेदारी बेच दी थी और इससे 7.3 अरब रुपये जुटाए थे. सिंह 2020 में डीएलएफ के चेयरमैन के पद से हट गए थे. जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ (37) की यूट्यूब पॉडकास्ट सीरीज डब्ल्यूटीएफ इज एक करोड़ रुपये (120,000 अमेरिकी डॉलर) तक दर्शकों द्वारा चुनी गई चैरिटी को दे रही है.

**मांग** मजबूत मांग के दम पर सात प्रमुख शहरों में बढ़ी मांग

# अल्ट्रा-लग्जरी मकानों की बिक्री तीन गुना हुई : एनारॉक

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**



मजबूत मांग के दम पर सात प्रमुख शहरों में इस साल अभी तक 40 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले अल्ट्रा-लक्जरी (भव्य व आलीशान) मकानों की बिक्री तीन गुना होकर 4,063 करोड़ रुपये रही. रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने यह जानकारी दी है.

एनारॉक के अनुसार, भारत के शीर्ष सात प्रमुख शहरों दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), मुंबई-एमएमआर (मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र), चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में इस साल अभी तक 4,063 करोड़ रुपये की 58 इकाइयों की बिक्री हुई है. रियल एस्टेट सलाहकार की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 में 1,170 करोड़ रुपये मूल्य की 13 इकाइयां बेची गईं थी. एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, वैश्विक महामारी के बाद से लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी दोनों संपत्तियों की मांग बढ़ी है. एचएनआई (हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल) और अल्ट्रा-एचएनआई निवेश, व्यक्तिगत इस्तेमाल या दोनों के लिए ऐसे मकान खरीद रहे हैं. देश में 2023 में अभी तक शीर्ष सात शहरों में बेची गई 58 अल्ट्रा-लक्जरी संपत्तियों में से अकेले मुंबई में 53 इकाइयां बेची गईं. गुरुग्राम में दो अपार्टमेंट और नई दिल्ली में दो बंगले बेचे गए. हैदराबाद के जुबली हिल्स में 40 करोड़ रुपये से अधिक का एक आवासीय सौदा हुआ.

गुरुग्राम स्थित क्रिसुमी कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने रिपोर्ट पर कहा, हालिया वर्षों में विभिन्न आय वर्ग के लोगों में मकान खरीदने की इच्छा उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है. यह मुख्य रूप से एक बेहतर आर्थिक परिदृश्य और जीवन स्तर को ऊपर उठाने की आकांक्षा से प्रेरित है.

# आरईसी लि. चालू वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ जुटाएगी

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**



सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. चालू वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ रुपये जुटाएगी. कंपनी के निदेशक मंडल ने जुटायी जाने वाली राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. पहले यह राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये थी. कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आरईसी के निदेशक मंडल ने 30 नवंबर को हुई बैठक में बाजार उधारी कार्यक्रम में संशोधन को मंजूरी दे दी. इसमें 2023-24 के लिए निजी/सार्वजनिक नियोजन के आधार पर बांड/डिबेंचर, सावधि ऋण, बाह्य वाणिज्यिक उधारी, वाणिज्यिक पत्र आदि के जरिये 1,50,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी शामिल है. पहले यह राशि 1,20,000 करोड़ रुपये थी. इसमें कहा गया, उक्त संशोधित बाजार उधारी कार्यक्रम के तहत निदेशक मंडल द्वारा इस संबंध में सौंपी गई शक्तियों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान समय-समय पर धन जुटाया जाएगा. निदेशक मंडल ने हिंदुस्तान पावर एक्सचेंज लिमिटेड (एचपीएक्स) में 14.25 करोड़ रुपये तक की राशि (यानी एचपीएक्स की 75 करोड़ रुपये की प्रस्तावित इक्विटी शेयर पूंजी का 19 प्रतिशत तक) के इक्विटी निवेश के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी.

## ब्रीफ खबरें

### दो मवेशी तस्करों को पीटा, पुलिस को सौंपा

**नामकुम।** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के रांची-पुरूलिया मार्ग स्थित नमक गोदाम के पास बीते बुधवार को स्थानीय लोगों ने दो मवेशी तस्कर को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी. इसके बाद टेंपों में लदे मवेशियों को बाहर निकाला. दोनों तस्करों की पहचान कुरैशी मुहल्ला कांटाटोली निवासी एहसान कुरैशी और मो. साबिर के रूप में हुई है. ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर टेंपों जब्त कर साथ ले गई.

### ट्रक की चपेट में आने से देवर-भाभी गंभीर

**बुंडू।** बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप गुरुवार शाम एनएच पर ट्रक की चपेट में आने से बुंडू के पतरा टोली के देवर और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों में सिल्ली निवासी सरिता कुमारी (35 वर्ष) और रोहन प्रामाणिक 21 वर्ष शामिल है. घटना के बाद आसपास कि लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर दोनों को ट्रॉमा सेंटर बुंडू भेजा. महिला की हालत बेहद गंभीर बतायी जा रही है. प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है.

### तालाब में गिरा टोटो दो सवार हुए घायल

**बुंडू।** थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड स्थित खुदिया तालाब के समीप टोटो सवार दो युवक के तालाब में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना गुरुवार दोपहर की है. स्थानीय लोगों के अनुसार, पुराना बाजार टोली निवासी अमित जायसवाल अपने मित्र सोनू महतो के साथ बैठकर ब्लॉक की ओर जा रहे थे. इसी क्रम में दोनों युवक एक हाथ से टोटो का स्टेरिंग पकड़ कर चला रहा थे. इस क्रम में संतुलन खोने से टोटो सहित दोनों तालाब में जा गिरे. इस घटना में अमित जायसवाल को हल्की-फुल्की खरोच आई है. वहीं टांगरटोली निवासी सोनू कुमार महतो को गंभीर चोट लगी है. उसे रांची रिम्स रेफर किया गया है.

### सड़क हादसे में भतीजे की मौत, चाचा गंभीर

**मांडर।** मांडर-बेड़ो मुख्य पथ पर कंजिया के निकट गुरुवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में ब्रांबे निवासी एंथोनी तिग्गा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं उसका चाचा विनोद तिग्गा गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार दोनों चाचा भतीजा टांगर बसली से काम करने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप वाहन से असंतुलित होकर उनकी बाइक टकरा गई. इस हादसे में हेलमेट नहीं पहने होने के कारण सिर में चोट लगने से एंथोनी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं विनोद को गंभीर चोट आई है. रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद विनोद को रिम्स रेफर किया गया है.

### महिलाओं के अधिकार के लिए जागरुकता रैली

**सिल्ली/मुरी।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशनल सोसाइटी की ओर से महिलाओं ने गुरुवार को लुपुंग पंचायत के विभिन्न गांव में जागरूकता रैली निकाली गई. यह रैली महिलाओं के सम्मान, हक और अधिकार के लिए तथा घरेलू हिंसा के खिलाफ निकाली गई. इसमें शामिल सीएलएफ सिल्ली की महिला दीदियों ने मुहल्लों में जाकर महिलाओं एवं ग्रामीणों को नारी के हक और अधिकार, घरेलू हिंसा, भ्रूण हत्या जैसे घटना को रोकने एवं उसके खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए जागरूक किया. रैली में सिल्ली सीडीपीओ आभा कुमारी चौधरी, जेएसएलपीएस की रिंकू देवी, मामुनी देवी, नलिनी देवी, किरण देवी, रीता देवी समेत दर्जनों महिलाएं शामिल रही.

### महिला पर अज्ञात ने किया चाकू से हमला

**सिल्ली।** मुरी पुराना बाजार निवासी महिला भारती देवी पर दो लोगों ने गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे ही चाकू से हमला कर दिया. इसमें भारती देवी घायल हो गईं. उनके हाथ और सीने के पास जख्म हुआ है. महिला ने एक नर्सिंग होम में अपना इलाज कराया है. समाचार लिखे जाने तक महिला ने थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं की है. महिला ने कहा है कि हमला करने वाले का नाम नहीं जानती है. लेकिन उनमें से एक को दुबारा देखने पर पहचान सकती हैं. घटना के संबंध में उसने बताया कि सुबह करीब पांच बजे दरवाजा खुलवा कर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया.

---

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल व जाति प्रमाण पत्र के लाभुकों के चेहरे पर मुस्कान

# जनता की संतुष्टि से ही कार्यक्रम होगा सफल : वीरेंद्र चौबे

संवाददाता। लापुंग



**विकास कार्यक्रम**

- ककरिया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़
- 60 प्रकार की योजनाओं के स्टॉलों में दी जा रही जानकारी

ककरिया पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिला पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार चौबे, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया बिरसमणी देवी, उप मुखिया सिलिमा देवी, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, बीडीओ इमानुएल जयवीरस लकड़ा एवं सीओ पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया.

इस मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र चौबे ने कहा कि सरकार के पदाधिकारी और कर्मचारी चल कर गांव पंचायत में पहुंच कर आपकी समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं. आपकी समस्याओं का निदान ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूर होगा. पंचायत का यह दायित्व है कि लोगों को उनकी योग्यता और आवश्यकतानुसार योजनाओं का लाभ प्रदान करें. जनता की संतुष्टि ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता का उदाहरण है. वहीं, बीडीओ इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि 60 प्रकार की योजनाओं की जानकारी तथा उसका लाभ दिया जा रहा है.

**पांच छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल की राशि**

वीरेंद्र कुमार चौबे ने साइकिल योजना के तहत पांच छात्र-छात्राओं को साइकिल की राशि का प्रतीकात्मक लाभ प्रदान किया. वहीं, नौ छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र एवं सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कई छात्राओं को स्वीकृति पत्र दिया गया. मौके पर पंचायत सचिव सिरका मुंडा, समाजसेवी सुमित कुमार व शिव कुमार सिंह, प्रखंड कांग्रेस एससी मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश कुमार राम, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, उत्तम कुमार मंडल, मो. समीउल्लाह हक, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, बीएफटी सत्यनारायण सिंह, रोजगार सेवक सुरेश कुमार, बसंत साहु, प्रखंड जेएसएलपीएस समन्वयक समीर गुप्ता, अंचल निरीक्षक सुनील जोसेफ मिंज एलटी जगन्नाथ बड़ाईक, सीएचओ प्रमिला कुमारी, एएनएम सीता कुमारी, उषा बाला, जयंती कुजूर सहित अन्य मौजूद थे.

---

भाजपा के पंसस प्रशिक्षण कार्यशाला में देश को सशक्त बनाने का आह्वान

# गरीबों को सुविधाएं देंगे, तभी देश समृद्ध बनेगा : बाबूलाल

संवाददाता। ओरमांझी



**बोले बाबूलाल**

- मील का पत्थर साबित होगी केंद्र की गरीब कल्याण योजना
- पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करें भाजपा कार्यकर्ता

भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण के तत्वावधान में मोगल मंगलम के सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला आयोजित किया गया. झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, सांसद संजय सेठ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया.

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा विकास के साथ-साथ देश को सुरक्षित रखने का कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए कृतसंकल्पित है. देश की आर्थिक स्थिति सुरक्षित रहेगी, तभी देश आगे बढ़ेगा. राजनीति का मतलब देश को सुरक्षित रखना है. हम सभी का दायित्व है कि देश को सुरक्षित रखते हुए विकास को मजबूत करना है. केंद्र सरकार के द्वारा संचालित होने वाले योजनाओं की जानकारी रखें और दूसरे को भी बताएं. उन्होंने आगे कहा कि शत-प्रतिशत गरीबों को सारी सुविधाएं देंगे, तब जाकर देश समृद्ध बनेगा. इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण योजना चलाई है. इसके तहत गरीबों को प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जा रहा है. भाजपा कार्यकर्ताओं से पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने को कहा. कार्यशाला की अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो एवं संचालन नरेंद्र सिंह ने किया.

कार्यक्रम में विधायक समरी लाल, प्रभारी आरती सिंह, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, रामकुमार पाहन, जीतूचरण राम, अमरनाथ चौधरी, भाजपा युवा नेता आशीष कुमार साहू, मानकी राजेंद्र साही, मनोज वाजपेयी, जैलेन्द्र कुमार, विनोद सिंह, आरती कुजूर, राजेश गुप्ता, दिलीप मेहता, राजकिशोर साहू, विक्रांत तिवारी, चतुर साहू, भीम मुंडा सहित कई पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे.

**योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाएं : सुदेश**



**राहे।** प्रखंड के होटलो पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न हुआ. अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी. इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 1116 आवेदन जमा लिए गए. वहीं 400 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया. मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने कहा कि अधिकारी अपनी जबावदेही के साथ राज्य व केंद्र सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाएं. कार्यक्रम में कई तरह की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया. मौके पर जिप सदस्य बादल महतो, प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया गिरिबाला देवी, बीडीओ सह सीओ हारून रशीद, बिजली विभाग के सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार महतो, बीएसओ विष्णु खंडित, पंचायत सचिव समेत सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के अलावे जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

### डीएवी बचरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**पिपरवार।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि पिपरवार के जीएम ऑपरेशन निरंजन सेनापति, खलारी डीएवी के प्राचार्य कमलेश कुमार, मंजरी महिला क्लब की अध्यक्षता ने निभा झा और विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. विद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को पुष्प ग्रुप देकर सम्मानित किया. मुख्य अतिथि का स्वागत तिलक लगाकर और नागपुरी गीत के द्वारा किया गया. विज्ञान प्रदर्शनी में करीब 135 स्थल बनाए गए, जिसमें एलजी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने करीब 57 मॉडल बनाया. कक्षा तीसरी से कक्षा पंचम तक के 35 मॉडल कक्षा छठी से आठवीं तक के 27 मॉडल और कक्षा नवी से 12वीं के छात्रों द्वारा 16 मॉडल बनाया गया. विज्ञान के 78 और कला के 57 मॉडल बनाए गए.

### मुरी-गोला पथ जर्जर सड़क पर कई बड़े गड्ढे

**सिल्ली/मुरी।** मुरी-गोला मार्ग इन दिनों काफी जर्जर हो गया है. सड़क पर दर्जनों बड़े बड़े गड्ढे उभर आए है. कई जगहों पर सड़क टूट गई है. कई गड्ढे तो एक एक फीट तक के हैं. इससे आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही है. अभी पिछले ही महीने खराब सड़क के कारण हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान जा चुकी है. इसी सड़क पर एक अन्य दुर्घटना में एक परिवार के तीन लोग घायल हो गए, जिसमें महिला का पैर टूट गया. ऐसी दर्जन भर घटनाएं इन गड्ढों के कारण हुई हैं. इस मामले की जानकारी पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को लोगों ने देने के बावजूद इसे ठीक करने का अब तक प्रयास नहीं किया गया है.

---

# यादें ताजा करने आया ग्रेट जेमिनी सर्कस

संवाददाता। रांची

सर्कस का नाम सुनते ही बचपन की यादें जाता हो जाती हैं, उन्हीं पलों को दोबारा जीने की इच्छा मन आती है. पहले सर्कस में विभिन्न प्रकार के जानवरों को रख कर करतब दिखाए जाते थे. लोग अपने परिवार के साथ घूमने और मनोरंजन के लिए सर्कस देखने जाया करते थे. वर्तमान के आधुनिक युग में सर्कस और जोकर के नाम स्कूल की किताबों तक सीमित हो कर रह गई हैं. वर्तमान में मनोरंजन के लिए 4 x 12 इंच के मोबाइल फोन में ही लोग व्यस्त रहते हैं.

sबचपन की उन्हीं यादों को ताजा करने और सर्कस देखने का मौका लेकर आया हैं ग्रेट जेमिनी सर्कस शो. एचईसी कॉलोनी के धुर्वा सेक्टर 2 स्थित शहीद मैदान में ग्रेट जेमिनी सर्कस लगा है.

**फ्लाइंग ट्रोपिस व ग्लोब राइडिंग रिंग डांस खास**



सर्कस के प्रबंधक टी जयराज ने कहा कि भारत में सर्कस में जानवरों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद सर्कस में कलाकारों दृअवार हैरतअंगेज करतब दिखाए जाते हैं. इनमें फ्लाईंग ट्रोपिस, ग्लोब राईडिंग, अफ्रीकन जिम्नास्टिक्स, रिंग डांस, फायर डांस, जोकर शो सहित अन्य शो शामिल हैं. इन सबसे में फेमश शो में फ्लाईंग ट्रोपिस शो ग्लोब शो, बाइक राइडिंग करते नजर आएंगे. सर्कस में कीनिया के 6 कलाकार जिम्नास्टिक्स करेंगे.

**31 तक 80 कलाकार दिखाएंगे कई करतब**

ग्रेट जेमिनी सर्कस के शो 26 नवंबर को शुरू हो चुके हैं, जो 31 दिसंबर तक चलेगा. इस सर्कस में 80 कलाकार तरह-तरह के करतब दिखाएंगे. सर्कस देखने के लिए आगे बैठने की सीट के टिकट की कीमत 300 सौ रुपये, बीच की सीट की कीमत 200 सौ रु, पीछे की सीट की कामत 100 रुपये है. सर्कस के तीन शो होंगे. दोपहर 1 से 3 बजे तक, शाम 4 से 6 बजे तक और शाम 7 से 9 बजे तक यानि दो घंटे का एक शो. ग्रेट जेमिनी सर्कस के आयोजक कानपुर के कुल्लू बाबू एवं मां अहिल्या एम्जयूमेंट के निदेशक नरेश लश्करी द्वारा किया गया है.

# ओरमांझी टीम ने जीता नीलम आनंद स्मृति फुटबाल टूर्नामेंट

संवाददाता। ओरमांझी



शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रथम दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का का खिताब ब्रांड जंगल एफसी ओरमांझी ने जीत लिया. गुरुवार को ओरमांझी के गुरगांई स्थित बुढ़ीबागी फुटबाल मैदान में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मैच में ब्रांड जंगल एफसी ओरमांझी की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में भूमित इलेवन एफसी भेलवा टोली की टीम को 5-3 से हराया. मुख्य अतिथि अर्चित आनंद, विशिष्ट अतिथि बरखा आनंद और जिप सदस्य सरिता देवी ने विजेता टीम ओरमांझी को 31 हजार नकद राशि व ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम भेलवा टोली की टीम को 21 हजार नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. वहीं, सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को 5100-5100 रुपये दिए. मैन आफ द सीरीज और फाइनल मैच के मैन आफ द मैच का पुरस्कार ओरमांझी के खिलाड़ी लड्डू कुमार और बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार भी ओरमांझी के शैलेश कुमार को दिया गया. आयोजन में आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह, सचिव बिनोद कुमार महतो, शनि सिंह, दीपक नायक, जीवन लाल मुंडा, रामप्रसाद सिंह, नकुल बेदिया, अजय गंझू सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा.

---

**राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग** देशभर के 600 से अधिक साइकिल राइडर कर रहे हैं शिरकत

# पहले दिन रेलवे व सर्विसेज के खिलाड़ियों का दबदबा

खेल संवाददाता। रांची



**राष्ट्रीय टूर्नामेंट**

- खेलगांव में हुआ प्रतियोगिता का शुभारंभ
- 86 स्वर्ण पदक के लिए भिड़ेंगे देशभर के खिलाड़ी

भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं झारखंड साइकलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में रांची के खेलगांव स्थित सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम में 75वी सीनियर महिला एवं पुरुष ,52 वी जूनियर व 38 वां सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सांसद विजय हांसदा एवं विशिष्ट अतिथि साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल सरदार मनिंदर सिंह पाल, नीरज तंवर सुदीश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 600 साइकिल राइडर जिसमें 330 पुरुष व 230 महिला खिलाड़ी 86-86 स्वर्ण ,रजत और कांस्य पदक के लिए स्पर्धा कर रहे है. पहले दिन 4000 मीटर टीम पर्सूट के सीनियर वर्ग में रेलवे और सर्विसेस के खिलाड़ियों का दबदबा रहा. उद्घाटन समारोह में जेएसएसपीएस की बालक बालिका टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई.

**झारखंड में प्रतियोगिता का होना गर्व की बात: विजय हांसदा**



सांसद विजय हांसदा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय ट्रेक साइकलिंग प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड में होना गर्व की बात है. भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का भी आयोजन झारखंड में किया जाएगा. आयोजन सचिव शैलेंद्र कुमार पाठक ने आयोजन हेतु सभी तकनीकी पदाधिकारीयों, खिलाड़ियों एवं सभी सहयोगकर्ता को धन्यवाद दिया. उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अम्लान कुसुम सिन्हा, चंदन तिवारी, एसके पांडे, केके सिंह मौजूद रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड साइकलिंग संघ के उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश कुमार यादव, दिलीप गुप्ता, जीतेंद्र महतो, सलिल कुमार, चंद्र बहादुर सिंह, राजकुमार मेहता,सोमित्रों बोराल, सतविंदर कौर, अनीता कुमारी, मो. दानिश, प्रदीप रजक, आदि का योगदान रहा.

---

## फील्ड अपडेट

### रेंजर ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए



**बुढ़मू।** अवैध बालू परिवहन पर दैनिक शुभम संदेश द्वारा लगातार खबर प्रकाशित होने का असर दिखने लगा है. एक और जहां बुधवार से छापर बालू घाट बंद करा दिया गया है, वहीं दूसरी और वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है. विदित हो की छापर बालू घाट से रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर व हाइवा वाहनों मे भर भर कर बालू की तस्करी की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी. खबर पर संज्ञान लेते हुए मांडर बुढ़मू क्षेत्र के रेंजर सुरेन्द्र सिंह द्वारा कार्रवाई की गई है.

### जर्जर सड़क व गलत जाति लिखने पर चर्चा



**बुंडू।** प्रखंड के गभड़ेया गांव में गुरुवार को सप्ताहिक आम बैठक हुई. इसमें गांव को मुख्य मार्ग से जोड़नेवाली सड़क की जर्जर हालत का मुद्दा उठा. वहीं, सरकार द्वारा कराए गए सर्वे में गभड़ेया के साथ तैमारा, चुरगी और बारूहातु पंचायत के मुंडा जाति को स्वांसी जाति लिखे जाने के कारण हो रही भारी कठिनाई की भी बात रखी गई. विशेषकर छात्रों को जाति प्रमाण पत्र निकालने में परेशानी हो रही है. हलांकि हांजेद में विधायक के साथ हुई एसडीएम की बैठक में बताया गया है कि जल्द ही उनकी समस्या दूर कर दी जाएगी.

### ग्रामीणों के विरोध के कारण बैरंग लौटीं विधायक



**मांडर।** प्रखंड के बखार गांव स्थित मंदरो टंगरा में गुरुवार को शिलान्यास करने पहुंचे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व विधायक बंधु तिर्की को ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण गांव से बिना बैरन लौटना पड़ा. यहां 40 करोड़ की लागत से बनने वाले एकलव्य आवासीय विद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में दोनों पहुंचे थे. शिलान्यास स्थल पहुंचे ग्रामीणों का कहना था कि इस स्थान पर आदिवासी समुदाय द्वारा वर्षों से पूजा-पाठ किया जाता रहा है. वहीं, ग्राम सभा का आयोजन कर किसी भी ग्रामीण को इसकी सूचना नहीं दी गई थी.

### सुदेश ने किया सड़क व गार्डवाल का शिलान्यास



**राहे।** विधायक सुदेश महतो ने राहे प्रखंड के होटलो पंचायत अंतर्गत धतकीजारा गांव में विधायक निधि से 300 फीट पीसीसी सड़क में तथा होटलो गांव में 100 फीट गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. दोनों कार्य सात लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा. इस दौरान सिल्ली विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है. मौके पर प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रमुख लीलमनी देवी, प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, पंसस मीना देवी, सुभाष महतो, मनोरंजन भोक्ता, प्रमोद सिंह, मुकेश, ब्रजेश मुंडा, प्रमोद सिंह आदि मौजूद थे.

### सिदरौल में सांसद ने किया सड़क का शिलान्यास



**नामकुम।** प्रखंड के सिदरौल पंचायत के श्रीराम नगर कॉलोनी में रांची सांसद संजय सेठ ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया. कार्यक्रम में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, बिरसा पाहन, राजेश वर्मा, बिजेंद्र राय, दिलीप मुंडा, सुबोध सिंह टनटन, गोपाल चौधरी, बुदु पाहन, राजू लकड़ा, चंद्रकांत पांडेय, मृत्युंजय कुमार, सुनीला देवी, रंजीत वर्मा, कविता देवी, करिश्मा देवी, विक्रांत शर्मा, अनिता राजपूत, सोनी देवी, महेंद्र यादव, रिंकू प्रसाद, धनंजय कुमार, उमेश कुमार आदि थे.

### जन्मदिन पर विद्यालय में लगाया व्हाइट बोर्ड



**नामकुम।** टाटीसिलवे निवासी सह शिक्षक कुंदन कुमार अपने जन्मदिन पर अनगड़ा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय बानपुर में गुरुवार को व्हाइट बोर्ड दिया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल पठन-पाठन के वक्त बच्चों को समझने के लिए जन्मदिन पर विद्यालय को बोर्ड गिफ्ट किया. प्राचार्य आनंद कुमार साहू ने कहा कि छात्र ही विद्यालय की असली पूंजी हैं. मौके पर शिक्षक कुंज बिहारी महतो, नम्रता प्रकाश, विवेक कुमार, स्मिता तिरु, राधा कुमारी, गंगाधर मुंडा, गुंजन उरांव, अनामिका झा, सारिका टोप्पो, नवीन कुमार महतो मौजूद थे.

### ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील

**चान्हो।** प्रखंड के सोंस पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. उन्होंने अल्पसंख्यक बच्चों एवं जेएसएलपीएस की महिलाओं को चेक सौंपा. मौके पर बीडीओ अशोक कुमार, सीओ संजीव कुमार, आदिल अजीम, मुखिया बिमला देवी, मो. इश्तियाक अंसारी, इरशाद खान, अब्दुल्लाह अंसारी, चटवल मुखिया शिव उरांव, रघुनाथपुर मुखिया महादेव उरांव आदि थे.

## पेज का शेष....

### पनौती पर नाहक इतनी...

अलबत्ता मीडिया का कर्कश शोर तब नहीं था.

**एक शेरनी, सौ लंगूर, चिकमंगलूर -चिकमंगलूर :** कुछ नमूने देखिए- जनसंघ को वोट दो, काला जूता ठोंक दो, बीड़ी पीना छोड़ दो, बीड़ी में तंबाकू है, केबी बेटा डाकू है. केबी सहाय उस समय बिहार के मुख्यमंत्री थे. ऐसे ही एक और मुख्यमंत्री अब्दुल गफूर के चुनाव क्षेत्र में नारा लगा था-हाथ में लबनी, मुंह में पान, मियां गफूर की है पहचान. क्रांतिकारी समाजवादी नेता राजनारायण तो अपने चुनावी भाषणों में कहा करते थे- इंदिरा को अदालत में पटका, जनता की अदालत में पटका, चोली गई..., साड़ी गई... आजमगढ़ में लोकसभा उपचुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मोहसिना किदवई को मो सम हसीना ना कोई कहते हुए उन्हें सूर्पणखा के किरदार से जोड़ दिया था और कहा था कि यह हमारे प्रत्याशी राम (रामबचन यादव) को लुभा रही हैं. इसलिए हे आजमगढ़ की लक्ष्मण रूपी जनता अपने वोट रूपी बाण से इसका नाक-कान काट लो. योगी आदित्यनाथ के गुरु के गुरु दिग्विजय नाथ अपने चुनावी भाषणों में एक समुदाय के बारे में अमूमन कहा करते थे कि मुझे वोट मत देना. देना होगा तो गंगाजल में धोकर देना, अन्यथा मेरा बैलेटबॉक्स अपवित्र हो जाएगा. चिकमंगलूर में इंदिरा जी के चुनाव में नारा लगा था-एक शेरनी, सौ लंगूर, चिकमंगलूर -चिकमंगलूर.

**नेता खुद को समय के हिसाब से ढाल लें, वर्ना :** 1980 में कांग्रेस ने नारा लगाया था-कंधे पर हग दिया किसान, साफ करो जगजीवन राम. उस समय कंधे पर हल लिया किसान जगजीवन राम के धड़े वाली जनता पार्टी का चुनाव निशान था. इससे भी घृणित नारा विपक्ष ने उप्र में दिया था-दिल्ली में राड़राज , यूपी में बांझराज , रो रहे हैं कामराज ( कांग्रेस अध्यक्ष), कहां गया रामराज. ऐसे अनेक उद्धरणों से हमारा चुनावी इतिहास भरा पड़ा है. लेकिन जैसी तुर्शी-बतुर्शी पनौती पर मची है, वैसी तब नहीं मचती थी और न ही केस-मुकदमे होते थे. इसका मतलब यह कतई नहीं है कि पहले से जो चुनावी गंदगी चलती आ रही है, वह जारी रहनी चाहिए. अब समय बदल गया है. हम सतर्क हो गये हैं या हो रहे हैं. होली का भी रूप-रंग बदल गया है. अब सूखी होली का रिवाज आ गया है. लालू प्रसाद ने भी कपड़ा फाड़ होली खेलना छोड़ दिया है. शिक्षित समाज का दायरा बड़ा हुआ है. फूहड़ता, निर्लज्जता के विरोध तथा बहिष्कार का स्वर तेज हुआ है. इसलिए राहुल हों या मोदी या कोई अन्य, सियासी, चुनावी हमले जरूर करें, लेकिन भाषा और विचारों का स्खलन स्वस्थ और मर्यादित लोकतंत्र की जड़ को ही कमजोर करेगा. हमारी मनीशा का एक ध्येय वाक्य है-आत्मनः प्रतिकूलानि परेशां न समाचरेत. यानी जो आपको अच्छा न लगे, उसका उपयोग दूसरों के लिए न करें. समय बदल गया है. नेता खुद को समय के हिसाब से ढाल लें, तो बेहतर, वरना समय उन्हें इतिहास के कूड़ेदान में डाल देगा.



ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर में पहुंचा आर्सनल

अंतिम 16 के लिए 12 टीमों ने अपना स्थान पक्का किया

## चैंपियंस लीग : लेंस को हराकर अंतिम 16 में पहुंचा आर्सनल

# 6-0 से जीता आर्सनल



भाषा। जिनेवा

आर्सनल ने लेंस को 6-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष रहते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल के अगले दौर में प्रवेश कर लिया जबकि मैनचेस्टर युनाइटेड आखिरी स्थान पर रहा. दूसरे स्थान पर काबिज पीएसवी इंडोवेन भी ग्रुप बी से अंतिम 16 में पहुंच गई. पीएसवी ने सेविला को 3-2 से हराया. अब 16 दिसंबर से शुरू होने वाले अंतिम 16 मुकाबलों के लिये 12 टीमों की पुष्टि हो चुकी है. मैनचेस्टर युनाइटेड बाहर होने की कगार पर है. मैनचेस्टर युनाइटेड ने गालाटासारे से 3-3 से ड्रॉ खेला. उसे इससे पहले बायर्न म्युनिख और कोपेनहेगन ने हराया था. ग्रुप सी में रीयाल मैड्रिड ने नपोली को 4-2 से मात दी. बायर्न ने कोपेनहेगन से और रीयाल सोशिदाद ने साल्जबर्ग से गोलरहित ड्रॉ खेला. इंटर मिलान ने ग्रुप डी में बेनफिका से 3-3 से ड्रॉ खेला.

## टी-20 श्रृंखला : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा मुकाबला आज

# श्रृंखला जीतने पर भारत की नजरें

भाषा। रायपुर

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को यहां चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उतरेगी तो ग्लेन मैक्सवेल की गैर मौजूदगी का फायदा उठाते हुए युवा गेंदबाज डैथ ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे. तीसरे मैच में भारत के दूसरे दर्जे के गेंदबाज आखिरी दो ओवरों में 43 रन बनाने से भी ऑस्ट्रेलिया को रोक नहीं सके. ऑस्ट्रेलिया ने 223 रन का विशाल लक्ष्य हासिल करके मैच जीता. प्रसिद्ध कृष्णा ने चार ओवरों में 68 और आखिरी ओवर में 21 रन दे डाले. दीपक चाहर की टीम में वापसी हुई है और वह नयी गेंद से उपयोगी साबित हो सकते हैं. वहीं एक मैच के ब्रेक के बाद डैथ ओवरों के विशेषज्ञ मुकेश कुमार भी टीम में लौटे हैं. प्रसिद्ध और आवेश खान के पास विविधता और नयेपन का अभाव दिखा. दोनों ने 130 या 140 की रफ्तार से गेंदबाजी की लेकिन गेंद की लैंग्थ में विविधता नहीं ला सके जिससे बल्लेबाज के लिये उसे भांपना आसान हो गया. दोनों प्रभावी यॉर्कर डालने में भी नाकाम रहे. बल्लेबाजी में श्रेयस अय्यर की वापसी के मायने हैं कि तिलक वर्मा को बाहर रहना पड़ सकता है.



भारत को युवा गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

### मैच में ओस की रहेगी भूमिका

गुवाहाटी की तरह यहां भी ओस की भूमिका अहम होगी और टॉस जीतने वाला कप्तान लक्ष्य का पीछा करना चाहेगा. इससे पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को दूसरी पारी में गीली गेंद से जूझना होगा. भारत के युवा बल्लेबाजों यशस्वी, ईशान किशन, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और खुद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जरूरत के समय अच्छी पारियां खेली हैं. रूतुराज गायकवाड़ ने तीसरे मैच में 57 गेंद में 123 रन बनाये थे.

### टीमें

**भारत**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान, मुकेश कुमार.

**ऑस्ट्रेलिया**

मैथ्यू वेड (कप्तान), आरोन हार्डी, जेसन बेहरेनडोर्फ, सीन एबट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, तनवीर संघा, मैट शॉर्ट, जोश फिलीप, केन रिचर्डसन, बेन ड्वारशुइस, क्रिस ग्रीन, बेन मैकडरमोट.

### स्मिथ व जम्पा स्वदेश लौटे

स्टीव स्मिथ और एडम जम्पा भी स्वदेश लौट चुके हैं, क्योंकि वे विश्व कप टीम में भी थे और भारत में प्रवास काफी लंबा हो गया था. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप से पहले कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए अपने कई शीर्ष खिलाड़ियों को इस श्रृंखला से आराम दे दिया है. अब भारतीय गेंदबाजों के सामने टिम डेविड, जोश फिलीप और बेन मैकडरमोट की चुनौती होगी, जो पिछले पांच-छह सप्ताह में सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. इनके अलावा विश्व कप फाइनल में यादगार पारी खेलने वाले ट्रेविस हेड और अनुभवी कप्तान मैथ्यू वेड भी टीम में हैं.

### मैच में हेराफेरी के लिये खिलाड़ियों से संपर्क किया गया : एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को कहा कि कई आई लीग खिलाड़ियों से हाल ही में मैचों में हेराफेरी के लिये संपर्क किया गया. एआईएफएफ ने मामले की जांच का वादा किया है. एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह नहीं बताया कि उन्हें यह सूचना कैसे मिली, किन खिलाड़ियों से और किसने संपर्क किया लेकिन कहा कि महासंघ खेल में नैतिकता बनाये रखने के लिये प्रतिबद्ध है. उन्होंने एक बयान में कहा कि हमें सूचना मिली है कि खिलाड़ियों से संपर्क किया गया. हम मामले की जांच करेंगे और जरूरी कदम उठायेंगे. उन्होंने कहा कि हम इस खूबसूरत खेल और अपने खिलाड़ियों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध हैं. इस तरह का कोई प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे खिलाड़ियों या खेल को खतरा हो. आईलीग 2023 सत्र अक्टूबर में शुरू हुआ और 13 टीमों की स्पर्धा में 40 से अधिक मैच हो चुके हैं. चौबे ने कहा कि हम अपनी क्षमताओं को भी मजबूत करेंगे ताकि ऐसे खतरों का सामना करने के साथ अपने खिलाड़ियों और अधिकारियों को भी जागरूक किया जा सके. सूत्रों ने बताया कि जिन खिलाड़ियों से संपर्क किया गया, वे चार क्लबों के हैं. सूत्र ने कहा कि मिली जानकारी चार क्लबों के खिलाड़ियों के संबंध में है.

### आओ जानें

## टी-20 की एक पारी में सर्वाधिक गेंद खेलने वाले खिलाड़ी


| खिलाड़ी | खेली गई गेंदें | रन | साल |
|---|---|---|---|
| एरोन फिंच | 79 | 131 | 2018 |
| मार्कस स्टोइनिस | 79 | 147 | 2020 |
| ब्रेंडन टेलर | 78 | 140 | 2021 |
| जुबैर अहमद | 77 | 111 | 2014 |
| मिस्बाह-उल-हक़ | 76 | 107 | 2006 |
| कैलम मैकलियोड | 76 | 104 | 2012 |
| रस्सी वैन डेर डूसन | 76 | 112 | 2013 |
| एरोन फिंच | 76 | 172 | 2018 |
| पॉल स्टर्लिंग | 75 | 115 | 2021 |
| ब्रेंडन मैकुलम | 73 | 158 | 2008 |

## वेंचर स्किल क्रिकेट टूर्नामेंट

**अंडर-16**

**गुरु गोविंद सिंह बनाम शारदा ग्लोबल**

**गुरु गोविंद सिंह स्कोर 315/10(32.3)**



- अमन कुमार - 142
- रौनक मिश्रा- 40
- इशित तिवारी - 61-3(7)
- ऋषभ कुमार - 55-3(4)
- शारदा ग्लोबल स्कोर - 187/10(33.3)
- इशित तिवारी 76
- अतुल्य श्री 39
- आदित्य राज चौधरी - 21-4(6)
- अभिषेक कुमार - 22-2(6)
- गुरु गोविंद सिंह स्कूल 128 रन से जीता

**टेंडर हार्ट बनाम सरला बिड़ला स्कूल**

**टेंडर हार्ट- 260/8 (30 ओवर)**



- आकाश कुमार 116
- कृष्ण 38
- अविराज 24
- अक्षत 38/2
- कुमार श्रेष्ठ 45/2

**सरला बिड़ला स्कूल- 105/10 (22.5 ओवर)**

- अक्षत 31
- आर्य 16
- अविराज 11/4
- आकाश कुमार 19/2
- टेंडर हार्ट 155 रनों से जीता

**अंडर-14**

**विवेकानन्द बनाम ओडीएम सफायर**

- विवेकानन्द- 30 ओवर में 421/3



- प्रिंस कुमार- 303
- विक्की - 22
- **गेंदबाज -**
- सूरज- 55/1
- ऋत्विक- 44/1
- ओडीएम सैफेयर - 10.4 ओवर में 41/10
- नैतिक-4
- सूरज-3
- **गेंदबाज -**
- अनिकेत- 15/3
- अनु कृष - 4/2
- 380 रनों से जीता विवेकानन्द

**साई धुर्वा बी बनाम एसएसवीएम**

**साई धुरवा (बी) कुल स्कोर- 207/8, 32 ओवर**

- अरमान-54, आयुष कुमार-47, आयुष-16



- संस्कार-3/32, नैतिक-2/43, यश-2/30
- एसएसवीएम कुल स्कोर- 176/10/28.1
- नैतिक-50, अमन-32, नीरज-12, ओम-12,
- वीर-3/44, अनुराग 2/30, प्रतीक-2/20
- साई धुरवा (बी) ने 31 रन से मैच जीत लिया

## वालेंशिया में हॉकी टूर्नामेंट : पांच देशों की टीमें हिस्सा लेंगी

# भारत की कप्तानी करेंगे हरमनप्रीत

भाषा। नई दिल्ली

अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया में होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे. टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है. सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान होंगे. यह टूर्नामेंट 2023-24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम होगा. इसमें भारत का सामना स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा. गोलकीपिंग में पी आर श्रीजेश और कृशन बी पाठक के साथ सूरज करकेरा भी होंगे. डिफेंस की कमान



हरमनप्रीत, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप सेस के हाथ में होगी. मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि इस टूर्नामेंट से युवाओं को दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका मिलेगा. उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा कि हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों सहित संतुलित टीम है. टूर्नामेंट में हमें विभिन्न चीजें आजमाने का मौका मिलेगा. इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों को दुनिया की श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका भी मिलेगा. उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले अगले चार महीने काफी अहम हैं और हमें कदम दर कदम आगे बढना होगा.

**भारतीय टीम**

गोलकीपर : पीआर श्रीजेश, कृशन बहादुर पाठक, सूरज करकेरा

डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप सेस

मिडफील्डर : यशदीप सिवाच, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, रविचंद्र सिंह मोइरांगथम

फॉरवर्ड : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्ति सेल्वम, दिलप्रीत सिंह, आकाशदीप सिंह.

# युगांडा ने टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

विंडहोक (नामीबिया)

युगांडा ने गुरुवार को यहां रवांडा को नौ विकेट से हराकर अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया. युगांडा मौजूदा अफ्रीकी क्वालीफायर के जरिए मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली नामीबिया के बाद दूसरी टीम है. अफ्रीका क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में युगांडा ने रवांडा को हराकर शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित की. युगांडा की यह छह मैच में पांचवीं जीत है. रवांडा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में सिर्फ 65 रन पर सिमट गई. युगांडा ने इसके जवाब में सिर्फ 8.1 ओर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया. युगांडा इस तरह टी-20 विश्व कप में खेलने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बनेगा. वहीं जिम्बाब्वे मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने में नाकाम रहा.

**विश्व कप में क्वालीफाई करनेवाली टीमें**

अमेरिका, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, पपुआ न्यू गिनी, कनाडा, नेपाल, ओमान, नामीबिया और युगांडा.

## हॉकी : एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप में भारतीय टीम ने की शानदार शुरुआत

# भारत ने कनाडा को एकतरफा मुकाबले में हराया

भाषा। सैंटियागो

भारतीय टीम ने एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में कनाडा को 12-0 से हराकर शानदार शुरूआत की. भारत के लिये मुमताज खान ने चार (26वां, 41वां, 54वां और 60वां), अन्नु (चौथा, छठा, 39वां मिनट) और दीपिका सोरेंग (34वां, 50वां और 54वां) ने तीन तीन गोल किये. डिप्पी मोनिका टोप्पो ने 21वें मिनट में और नीलम ने 45वें मिनट में गोल दागे. भारत ने आक्रामक शुरूआत की और जल्दी ही अन्नु ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर बढत दिला दी. दो गोल करने के बावजूद भारत ने आक्रामक खेल जारी रखा और पहले क्वार्टर तक बढत 2-0 की बनी रही.



**दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा :** दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा. डिप्पी और मुमताज ने इसका फायदा उठाकर एक एक फील्ड गोल दाग दिया. इस बीच कनाडा को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया. हाफटाइम तक भारत के पास चार गोल की बढत थी. दूसरे हाफ में दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया जिसके बाद अन्नु ने भी हैट्रिक पूरी की. वहीं नीलम ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत की बढत 8-0 की कर दी. आखिरी क्वार्टर में दीपिका और मुमताज ने गोल दागे. भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को जर्मनी से होगा.

**खास बातें**

- 12-0 से भारतीय टीम ने कनाडा को पराजित किया
- भारत की मुमताज खान ने टीम के लिए चार गोल दागे
- अन्नु व दीपिका सोरेंग ने भी दागे तीन-तीन गोल

### क्रिकेटर बेन स्ट्रोक्स ने कराई पैर की सर्जरी

**लंदन।** अगले साल जनवरी में भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिये फिट रहने की कवायद में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने बायें पैर की सर्जरी कराई है. 32 वर्ष के स्टोक्स इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन एशेज टेस्ट में गेंदबाजी नहीं कर सके थे और विश्व कप में भी बतौर बल्लेबाज ही खेले थे. उन्होंने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि वह विश्व कप के बाद आपरेशन करायेंगे. स्टोक्स ने लंदन के क्रोमवेल हॉस्पिटल के बाहर बैसाखियों के सहारे खड़े अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर डालते हुए लिखा कि रिहैब शुरू. भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 25 जनवरी को हैदराबाद में शुरू होगी. इससे पहले इंग्लैंड टीम यूएई में दो सप्ताह अभ्यास शिविर में भाग लेगी. स्टोक्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह 2024 आईपीएल नहीं खेलेंगे.

## एसएससीबी राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# पंघाल और संजीत सेफा. में

भाषा। शिलांग

विश्व चैंपियनशिप के उपविजेता अमित पंघाल (51 किलो) और 2021 एशियाई चैंपियन संजीत (92 किलो) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और एसएससीबी के 12 मुक्केबाजों ने पुरूषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा थापा भी अंतिम चार में पहुंच गए. उन्होंने दिल्ली के शशांक प्रधान को 5-0 से हराया और अब उनका सामना महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी से होगा. पंघाल ने जम्मू कश्मीर के मोहम्मद आरिफ को सर्वसम्मति से लिये गए फैसले पर हराया. अब उनका सामना आरएसपीबी के अंकित से होगा. संजीत ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएसपीबी के नमन तंवर को 92 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हराया. अब उनका सामना अखिल भारतीय पुलिस के विकी से होगा. एसएससीबी के बरूण सिंह (48 किलो), पवन (54 किलो), सचिन (57 किलो), आकाश (60 किलो), वंशज (63.5 किलो), रजत (67 किलो), आकाश (71 किलो), दीपक (75 किलो), लक्ष्य (80 किलो) और जुगनू (86 किलो) ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई.

